पुष्पवाटिका के एक कोने में 'मुद्गरपाणि' नाम से विख्यात यक्ष का मन्दिर था। वह फहराते हुए उन्नत ध्वजादण्ड से आकाश के साथ स्पर्धा करता जान पड़ता था। अत्यन्त चतुर कारीगरों के द्वारा निर्मित होने से विश्वकर्मा के निर्माण की भी जैसे अवहेलना कर रहा हो, तथा विचित्र मणिरत्नों से जड़ा हुआ प्रागण होने से मानो देव गृहागण को प्रत्यक्ष दिखा रहा हो। उसकी दीवारें घिस कर ऐसी चमकदार बनाई गई थीं कि वह भरत महाराज के आदर्श-भवन की स्मृति दिलाता था। वह यक्षमन्दिर नागरिकों द्वारा परम श्रद्धा से पूजनीय था और एक हजार पल वजन वाला मुद्गर हाथ में धारण करने से मुद्गरपाणि यक्ष का मन्दिर कहलाता था।

उसी मन्दिर की शोभा बढाने वाली विशिष्ट काष्ठ से निर्मित सुन्दर वस्त्रो से भूषित बहुमूल्य अलकारधारिणी प्रभावशालिनी होने से महान् समारोह के साथ प्रतिष्ठापित अनेक ऐहिक सुख के इच्छुक लोगो द्वारा अर्चित दूर-दूर से आने वाले यात्रियो के लिए दर्शनीय मुखारविंद वाली पूर्ण मनोरथ होने वाले धनिको द्वारा प्रदत्त धन से भरपूर भण्डार वाली अप्रतिम शक्ति वाले मुद्गरपाणि यक्ष' की प्रतिमा थी।

वहाँ अर्जुन नामक एक माली रहता था जो उद्यान की रक्षा किया करता। वह छ ही ऋतु के फल लगाने मे विचक्षण भूमि को उर्वरा बनाने के लिए गोबर कण्डो आदि खाद देने मे चतुर यथासमय पानी सीचने मे निपुण वृक्षो फलो एव पुष्पो के रोगो का जानकार वनस्पतियो का सयोग करने मे निपुण नाना प्रकार से पौधो की कटाई करने मे कोविद पक्षियो के उपद्रव को निवारण करने मे तत्पर शशक मृग शृगाल आदि जीव जन्तुओ को रोकने मे उद्यत और अपने कार्य मे सलग्न रहता था। वह स्वभाव से सीधा और भोला था।

बन्धुमती उसकी अत्यन्त प्रिया पत्नी थी। वह केले के समान कोमल शरीर वाली कमलिनी की तरह प्रसन्न वदन वाली अलकार रहित होते हुए भी चन्द्रकला के समान सहज सौन्दर्यवाली बाह्य हाव भाव विलास आदि को न जानती हुई भी बाल-लीला की तरह मनहरने वाली किसी प्रकार की सजावट के बिना भी कामाग्नि-पीडित युवको को छाया की तरह अभीष्ट मेघ के साथ बिजली की तरह पति का अनुगमन करने वाली सुई की तरह सरल प्रकृति वाली तारा-श्रेणी के समान प्रकट आचरण वाली एव घडी की तरह सामयिक कार्यों का अतिक्रमण न करने वाली थी।

अर्जुन माली बन्धुमती के साथ प्रतिदिन पुष्पवाटिका से फूलो को चुनता और उसके बाद अनेक पूर्वज-परम्परा से पूजित मुद्गरपाणि यक्ष की प्रतिमा को सुवासित पुष्पो से भक्तिपूर्वक अनेक प्रकार से पूजता था। अनेक गौरव सूचक शब्दो से उसका अभिवादन करता और हार्दिक श्रद्धा से प्रणाम करता था। उसके बाद कुछ बिखरे हुए कुछ चतुराई के साथ गूथे हुए कुछ गुलदस्तो के रूप मे कुछ हार या अर्धहार के रूप मे फूलो को नगर मे ले जाकर बेचता था। इस तरह वह अपना गृहस्थ-जीवन सुख से चलाता था। आय के अनुसार व्यय करता हुआ वह सारे कार्य स्वतन्त्रता से चलाता था।

उसी नगर मे 'ललित' नाम के गोष्ठी-पुरुष थे। वे किसी बडे राजकार्य को सम्पादन करने के कारण राजा द्वारा निर्भय अर्थात् अदण्डनीय घोषित किये गये थे। उस अभयदान की बदौलत व अत्यन्त उच्छृ खल बन गए थे। धनाढ्य

घर में जन्म लेने के कारण उन्हें व्यापार आदि की चिन्ता नहीं थी। वे पिण्डी-भूत कलह के समान, कलि-पुरुष के अवयवों के तुल्य, अधर्मराज के दूत सरीखे, निर्लज्जता के विलास जैसे, दुर्व्यसनों के दास समान, कालुष्य समुद्र की तरंगों के सदृश, दुष्प्रवृत्ति के परिणाम सरीखे और भावी उत्पात-वृक्ष के अकुर समान थे। वे छह युवक स्वच्छन्द विचरण करते थे।

उन्होंने जहाँ जाना चाहा वहीं गए, जो करना चाहा वही किया। जिसे जिसे पाना चाहा उसे पाया। जो खाना चाहा वह खाया। जो पीना चाहा वह पीया। जो देखना चाहा वह देखा। जो छीनना चाहा वह छीना। अहो! जवानी का पागलपन मनुष्य को बुढापे के बिना भी अन्धा और बहरा बना देता है। न्याय मार्ग से अति दूर और अविवेक-पथ से अति समीप लाता हुआ दुर्मद दानवीय वृत्ति को बढावा देता है, और आत्मीय गुण समूह का ह्रास कर देता है। हाय! हाय! अगर उस यौवन के साथ प्रचुर अर्थ का योग हो गया तब तो मनुष्य समुद्र को भी चुल्लू भर समझने लगता है। विस्तृत पृथ्वी को भी दो पैर जितनी मान लेता है। अनन्त आकाश भी उसे एक टोपसी के समान प्रतीत होने लगता है। मनुष्य के अत्यल्पकालिक जीवन को भी परार्द्ध (एक उत्कृष्ट काल की सख्या) से भी अधिक समझने लगता है। अहो धनसहित यौवन की विपरीतता कैसी अद्भुत होती है? विचार पूर्वक प्रवर्तन करने वाले पुरुष पर सुस्ती का आरोप, गौरव के योग्य गुरुओं के प्रति उपहास की प्रवृत्ति, धार्मिक पुरुषों के प्रति मिथ्याचार की कल्पना, सत्सग को समय की व्यर्थ बर्बादी समझना, सूत्र सिद्धान्तों पर विश्वास को अन्धश्रद्धालुता बताना, कुल-क्रमागत कर्त्तव्य में रूढि का आरोप करना, उचित उपदेश देने पर कठोर कुतर्क करना, धर्म-कार्य की प्रेरणा देने पर 'बस-बस रहने दो' कहना।

और यदि धन तथा जवानी के साथ प्रभुता-अधिकार का भी समावेश हो जाय तब तो मनुष्य बिच्छू-काटे बन्दर की तरह, मद पीये हुए हाथी के समान, अवकर (उकरडे) पर खडे ऊँट के तुल्य, मिश्री का पानी पिए सन्निपातरोगी के सदृश बन जाता है। भूमण्डल मे कौन-सा कार्य है जो वह नहीं करना चाहता? अविवेकी फिर तो पृथ्वी पर पैर भी रखना नहीं चाहता। हाय! तुच्छता प्राय भयकर होती है। बिन्दु-मात्र विष वाला बिच्छू पूछ को ऊँचा करता हुआ क्या जगत् को भयभ्रान्त नहीं बनाता? क्या अन्तर मे डरपोक कुत्ता भौंककर यष्टिहीन पथिकों को नहीं डराता? अपूर्ण घडा पानी उछालता हुआ लाने वाले के कपडों को नहीं भिगोता? शरत्काल के शून्य-प्राय मेघ क्या बहुत नहीं गरजते?

नाश की पहली अवस्था बुद्धि विपर्यय है। बुझने वाला प्रदीप बुझने से कुछ पहले एक बार चमकता है।

वास्तव मे वस्तुओ का परिपाक-काल ही उनका अन्तिम क्षण होता है। पके हुए पत्त क्या जमीन पर नही गिरते ? विज्ञ वद्य पकने पर ही व्रण का छेदन करते हैं घड़ा भर जाने पर ही पानी मे डूबता है। प्रकृति कदापि सीमा का उल्लघन सह नही सकती। उसका प्रतीकार स्वय शीघ्र हो जाता है।

चार उन छ ही पुरुषो ने अनेको निरपराध व्यक्तियो को पीडित किया अनेक निर्बलो को लूटा और अनेक कुल-वधुओ का सतीत्व नष्ट किया। उनके कुकृत्यो को हृदय से नागरिकगण बुरा समझते हुए भी राजा के प्रति बहुमान के कारण सब कुछ सहते रहे। परिणाम यह हुआ कि उपचार के द्वारा न मिटाई गई रोग-परम्परा की तरह उनकी उद्दण्डता खूब बढती गई। नीतिज्ञो की उक्ति युक्तियुक्त है— *अपराधो का सहना भी अपराध है अन्याय करने* वालो की उपेक्षा अ याय पीडितो पर अत्याचार है। व्यक्तितन्त्र राज्य मे ऐसे दोष प्राय होते ही हैं। हाँ प्रजातत्र मे ऐसे दोषो का होना प्राय सम्भव नही है। यद्यपि भ णिक राजा ने ऐसा हुक्म नही दिया था कि ये कछ भी अनु चित करे इन्हे दण्ड नही दिया जायगा फिर भी वे अपने अहकार से गर्हित आचरण करते रहे और बार-बार अनधिकार चेष्टा भी।

एक दिन कमलकोशो के साथ निद्रा ग्रस्त जनो को जाग्रत करता हुआ जगत्व्यापी अ धकार को चाम्दनी के साथ तिरोहित करता हुआ चोरो के साहस को चकवो के शोक के साथ निरस्त करता हुआ च द्रमा के साथ दीपो की श्रेणी को अकिंचित्कर बनाता हुआ विद्यमान तारागण को घूक-समूह के साथ अदृष्ट बनाता हुआ पहरेदारो को कुमुद (च द्रविकासी कमल) वन के साथ सुलाता हुआ और जगत् को निर्भय बनाता हुआ सूय प्राचीन दिशा मे उदित हुआ।

स्वर्ण-वर्ण वाली चचल फलती हुई सूर्य की किरणो को देखकर पक्षी समूह सानन्द ऊँचे-नीचे आकाश मे उडने लगे। पथिक अपने-अपने गतव्य पथ पर चलने लगे। कुछ व्यक्ति अपने अपने इष्टदेव का स्मरण करने लगे। जैन मुनि प्रतिक्रमण को पूर्ण करके प्रति लेखनादि कृत्य करने लगे। श्रावक जन सावधान होकर शुद्ध सामायिक करने लगे। कुछ मौन व्रतधारी व्यक्ति नमस्कार *महामत्र की माला फेरने लगे। अबोध बालक दूध मागते हुए मा के चारो* तरफ खेलने लगे। स्तनपायी शिशु माता का अचल पकड कर किसी वस्तु को मागते हुए रोने लगे। बगल मे पुस्तकें दबा कर जल्दी-जल्दी पैर उठाते हुए

कुछ बालक विद्यालय जाने लगे। कुछ बच्चे खेल मे तत्पर होते हुए विद्यालय जाने से दिल चुराने लगे। कतिपय दूधमुँहे सुस्त बच्चो को उनकी माताएँ "उठ-उठ, जाग-जाग, देख, सूर्य तेरे सिर पर आ गया है" ऐसे सुधा-सदृश वचनो से जगाने लगी और दुकानदार अपनी-अपनी दुकानो को साफ करने लगे।

अहा! एक सूर्य कितने कार्य करता है! कितने व्यक्तियो को मार्गदर्शन कराता है! कितने खेल-उद्यानो की ताप से बढाता है! कितने कर्दम-क्लिन्न पथो को सुखाता है! सूर्य की परोपकार वृत्ति अनोखी है! इसीलिए सूर्य को जगत्-चक्षु, जगत्-बाधव आदि गौरवयुक्त नामों से दुनिया पुकारती है।

अर्जुनमाली भी उदीयमान स्वर्ण-वर्ण सूर्य को देखकर सोचने लगा "अरे! याद आया, आज उत्सव का दिन है। अहो! यह सूर्य कैसे-कैसे नये-नये महोत्सवमय दिन दुनिया के सामने उपस्थित करता है? सूर्य के सहारे कैसे-कैसे सुन्दर अवसर लोगो को प्राप्त होते हैं। पर थोडे ही व्यक्ति समय को सफल बना सकते हैं। विज्ञजन ही समय का मूल्य समझते हैं, मूर्ख तो समय बिताने के लिए कोई बिना प्रयोजन का खेल शुरू कर देते हैं। मुझे भी आज शीघ्रता करनी चाहिए और फुलवाडी मे जाकर फूलो को चुनना चाहिए। वरना यह अवसर हाथ से निकल जायेगा। फिर उसे पकडने का कोई उपाय नही है।" ऐसा विचार कर माली अर्जुन शीघ्र शौच स्नानादि कृत्यो को समाप्त कर सधर्मिणी बन्धुमती के साथ उद्यान की तरफ चल पडा। 'आज मेरे फूलो की बहुत बिक्री होगी', ऐसा विचार कर उसी क्षण पुष्पवाटिका मे पहुँचा। बन्धुमती भी, अपने किसलय कोमल हाथो से अपने मस्तक के स्निग्ध-श्यामल केशो से स्पर्धा करने वाले एव मकरद का आस्वादन करनेवाले भ्रमरो को भगाती हुई चतुराई से कमलनालो को मोडकर पुष्पो को वास की पिटारी में चुनकर रखने लगी। 'अपनी जन्मभूमि को त्याग कर भी हम धनाढ्यो के मस्तक पर और लीलावती स्त्रियो के कठ मे निवास करेंगी" मानो ऐसा सोचकर हसती हुई अर्धविकसित कलियों को, विकस्वर शिरीष कुसुम के तुल्य कोमल कर-स्पर्श से उसने चुना। माली ने भी चुने हुए फूलो मे से एक-एक वर्ण वालो का एकत्रित किया। फिर लम्बे धागे वाली सुई से विभिन्न वर्ण वाले फूलो को लेकर चतुराई से माला के रूप मे तत्काल गूथ लिया। सुगन्धरहित केवल देखने मे सुन्दर फूलो की कतिपय मालायें अलग ही बनाई। कई फूलो के गेंद के आकार के गुच्छे बनाये। फिर एक विशाल पात्र मे कपडा बिछाकर महीन धागे से पुष्पो के वृन्तो को पिरोकर दक्षिणावर्तादि विचित्राकार से गुलदस्ते बनाए। कुछ फूलों को तो चतुराई से खुला ही रखा।

इस प्रकार वह अपने कार्य को समाप्त कर यक्ष-पूजन के निमित्त जब पत्नी सहित उद्यान की तरफ बढने लगा तो सूर्य-सांड की तरह स्वच्छन्द भटकते हुए, पिशाच की तरह अट्टहास करते हुए भूताविष्ट की भांति बुरी चेष्टाएँ करते हुए वायु रोगी के समान प्रलाप करते हुए कभी दौड़ते और कभी परस्पर कंधो पर हाथ डालते हुए तूफान मे आए जहाजो की तरह काल के द्वारा आकृष्ट वे छहो पुरुष उस उद्यान मे यक्षमन्दिर के पास आ पहुंचे।

तृतीय समुच्छ्वास

मदान्ध मनुष्य उन्मत्त हाथी की भांति क्या-क्या अनर्थ नहीं कर डालता ?
—सूक्ति मुक्तावलि ।

इधर खिले हुए फूलों की सुगन्ध से समस्त दिशाओं को सुरभित बनाता हुआ, सौरभ पर मस्त बने भ्रमरों द्वारा मजुल गुंजारव के मिष से स्तुति प्राप्त करता हुआ, मस्तक पर फूलों से भरा पात्र रखे हुए, विचारमग्न दृष्टि से, इधर-उधर नहीं झांकता हुआ, सरलता की प्रतिमूर्ति के समान अर्जुन को आते देखकर वे छहों पुरुष परस्पर इस प्रकार कहने लगे—

पहला—कौन है ? सामने के पथ से यह कौन मूर्ख आ रहा है ?

दूसरा—नहीं जानते ? यह युधिष्ठिर का छोटा भाई अनगधनुर्धर (फूलों वाला) अर्जुन है ।

तीसरा—अरे ! इसके पीछे मन्द-मन्द गति से चलने वाली यह कामिनी कौन है ?

चौथा—अरे ! नहीं जानता ? यह इस कृष्णावतार की कमनीय कान्ता है ।

पांचवां—मन्द-बुद्धि विधाता ने कलहंसी कौए को क्यों अर्पित कर दी ?

छठा—सुधा को भी मात करने वाली यदि इसकी अधर-माधुरी का पान न किया तो जवानी वृथा ही गँवाई ।

बीच में ही एक—तब फिर देर क्यों ? झटपट मन चाहा कर डालो ।

दूसरा—इसके साथ इसका पति है, बलात्कार कैसे किया जाय ?

हँसकर एक दूसरा—अरे ! तुम बहुत डरपोक हो । ऐसे तो बेचारे सैंकड़ों घूमते हैं ।

एक ने मुंह मरोड़कर—समझ-बूझकर काम करना चाहिए, जिससे सांप भी मर जाए और लाठी भी नहीं टूटे ।

इस प्रकार वह अपने कार्य को समाप्त कर यक्ष-पूजन के निमित्त जब पत्नी सहित उद्यान की तरफ बढ़ने लगा तो सूर्य-सांड की तरह स्वच्छन्द भटकते हुए पिशाच की तरह अट्टहास करते हुए भूताविष्ट की भांति बुरी चेष्टाएँ करते हुए वायु रोगी के समान प्रलाप करते हुए, कभी दौड़ते और कभी परस्पर कंधों पर हाथ डालते हुए तूफान में आए जहाजों की तरह काल के द्वारा आकृष्ट वे छहों पुरुष उस उद्यान में यक्षमंदिर के पास आ पहुंचे।

तृतीय समुच्छ्वास

मदान्ध मनुष्य उन्मत्त हाथी की भांति क्या-क्या अनर्थ नहीं कर डालता ?
—सूक्ति मुक्तावलि ।

इधर खिले हुए फूलों की सुगन्ध से समस्त दिशाओं को सुरभित बनाता हुआ, सौरभ पर मस्त बने भ्रमरों द्वारा मजुल गुंजारव के मिष से स्तुति प्राप्त करता हुआ, मस्तक पर फूलो से भरा पात्र रखे हुए, विचारमग्न दृष्टि से, इधर-उधर नहीं झाकता हुआ, सरलता की प्रतिमूर्ति के समान अर्जुन को आते देखकर वे छहों पुरुष परस्पर इस प्रकार कहने लगे—

पहला— कौन है ? सामने के पथ से यह कौन मूर्ख आ रहा है ?

दूसरा—नहीं जानते ? यह युधिष्ठिर का छोटा भाई अनगधनुर्धर (फूलो वाला) अर्जुन है ।

तीसरा—अरे ! इसके पीछे मन्द-मन्द गति से चलने वाली यह कामिनी कौन है ?

चौथा—अरे ! नहीं जानता ? यह इस कृष्णावतार की कमनीय कान्ता है ।

पाचवाँ—मन्द-बुद्धि विधाता ने कलहसी कौए को क्यो अर्पित कर दी ?

छठा—सुधा को भी मात करने वाली यदि इसकी अधर-माधुरी का पान न किया तो जवानी वृथा ही गँवाई !

बीच मे ही एक—तब फिर देर क्यो ? झटपट मन चाहा कर डालो ।

दूसरा—इसके साथ इसका पति है, बलात्कार कैसे किया जाय ?

हँसकर एक दूसरा—अरे ! तुम बहुत डरपोक हो । ऐसे तो बेचारे सैकड़ो घूमते हैं ।

एक ने मुह मरोडकर—समझ-बूझकर काम करना चाहिए, जिससे साँप भी मर जाए और लाठी भी नहीं टूटे ।

दूसरा धीरे से कहता है—तो बताओ कैसे काम बने ?

हँसते हुए दूसरे ने कहा—अधिक मस्तिष्क घुमाने की जरूरत नही एक युक्ति बताता हूँ।

सब जोर से हस कर—बोल बोल तू ही बुद्धि मे अभयकुमार है।

वह—सुनो हम लोग पहले ही से यक्षालय मे जाकर कपाटो के पीछे छिप जाए। श्वासोच्छ्वास की आवाज भी न करते हुए उसकी प्रतीक्षा कर। जब अर्जुन प्रतिमा के सामने जमीन पर मस्तक लगाकर सहर्ष प्रणाम करे तब जैसे बाज चिड़िया पर झपटता है उसी तरह हम उस पर अचानक टूट पड़े। उसके हाथ पर जोर से पकड़ कर पीठ की तरफ बाँध दें। उसे उसी दशा मे वही छोड़ अपना वाछितकार्य नि सकोच सिद्ध करे। यह बेचारा अकेला क्या कर लेगा ?

सभी तालियाँ बजाते हुए— तू धन्य है। सौ-सौ बार धन्य है। कैसा सरल मार्ग तूने बताया है। तेरी तीक्ष्ण-बुद्धि के सामने तो शेषनाग भी लज्जा अनुभव करता है। तू पुरस्कार योग्य है। इस प्रकार कहकर वे हाथापाई करते हुए जोर-जोर से हसने लगे।

उनमे से एक—अरे ! यह बस नजदीक आ गया है अब ज्यादा देरी करना ठीक नही। कही ऐसा स्वर्णिम अवसर हाथ से न चला जाए।

यह सुनकर चलो जल्दी चलो। इस प्रकार कहते हुए किसी जगह गड़े हुए धन के लोभ से जैसे कृपण एक-एक से आगे भागते है वैसे वे कामुक पुरुष यक्ष भवन मे आ पहुचे। दोनो कपाटो के पीछे अपने प्राण को छिपाते हुए चूहा पकड़ने को जसे बिडाल चुपचाप ठहरता है, वैसे ठहर गये।

कामान्ध व्यक्तियो की साहसिक प्रवृत्ति को धिक्कार है। उनकी निर्लज्जता निन्दनीय है। उनकी नृशसता तलवार से भी तीखी है। उनकी कलुषता भरी मानसिक प्रवृत्ति काजल से भी ज्यादा काली है। उनकी काम-ज्वर की ज्वाला दावाग्नि को भी ठण्डी सिद्ध कर देती है।

स्मृतिमात्र से ही बढने वाली विषमायुध काम की विषम विष-लहरी तालपुट से भी बढ कर है। कदर्प के कोमल पाँचबाण तामस शुस्त्र एव अग्निबाण को भी मात करते हैं। दिग्विजयी विद्वत्शिरोमणि भी यहाँ आकर ठोकर खा जाते हैं। इन्द्रादि द्वारा पूजित बड़े-बड़े ऋषि भी यहाँ आते पतित हो जाते हैं। विश्वविजयी भी सीमन्तिनी के सामने घुटने टेक देते हैं। हाय ! विधाता ने यह अमृत जैसा प्रतीत होता जहर क्यो बनाया ? यह कैसा विचित्र

पाश है, जिसमे बँधा हुआ भी मनुष्य सुख मानता है ? यह कैसा अद्भुत कीचड है, जिसमे डूबा हुआ भी व्यक्ति हैरान नही होता ? आर्द्रकुमार भी यहाँ आता निद्रित हो गया। नदीषेण भी इसी कूप मे गिर पडा। इस राक्षसी की दाढ मे आषाढ मुनि भी आ गये। अन्य मतावलबियो के हरिहरादिक देव भी इन मृगाक्षियो के सामने लज्जित हुए। इन्द्र भी इस पुष्प-धनु के सामने विडम्बित हुआ। अहो ! कहाँ तक वर्णन करूँ, स्त्रियो के निमित्त क्या क्या अनर्थ नही हुए ? स्त्रियो की लिप्सा ने कितनी लडाइयो का आह्वान नही किया ? लीलावतियो के लापत्य से कितने योद्धा मृत्यु के ग्रास नही हुए ? कामिनी के वश होकर कितने यशस्वी तिरस्कार के भाजन नही बने ? क्या वर्णन करूँ, यह कोकिलकण्ठी त्रिलोक को भी शोकाकुल बनाती है। जिस प्रलय-पवन से पर्वत भी कम्पित हो जाते हैं वहाँ पके हुए पत्तों के गिरने मे क्या शका है ? जिस दावानल मे महान् अरण्य भी भस्मीभूत हो जाए, वहाँ रुई के ढेर के जलने की बात ही क्या है ? जिस काम के द्वारा बडो-बडो की कदर्थना हुई, वहाँ इन छह कामुक कीडो की क्या गणना है ?

जम्बूकुमार और स्थूलभद्र जैसे इने-गिने विरले महामानव धन्य हैं, जिन्होने त्रिभुवन को जीतने वाले महा बलवान् कामदेव राजा की सेना को ब्रह्मचर्य रूप खड्ग द्वारा पराजित किया और बुरी तरह से मृत्यु के घाट उतारा।

अब, जब मुद्गरपाणियक्ष के मन्दिर मे पहुँच कर अर्जुन फूल चढाता हुआ शान्ति से प्रतिमा को प्रणाम करने लगा, तभी वे ललित नाम वाले दुराचारी, —"इस दुष्ट को पकडो, पकडो" यो कहते हुए बिजली की तरह उस पर टूट पडे। झटपट किसी ने उसका दाहिना हाथ जोर से पकडा तो किसी पापी ने बाया हाथ मरोड कर पकड लिया। किसी ने बाया पैर खींचा तो किसी ने दाहिना पैर। दूसरे दो व्यक्तियो ने लोहे की साकल-जैसी कठोर रस्सी से उस माली को मत्स्य की तरह पृष्ठ भाग मे बाँध दिया। अर्जुन तो समझ भी नही पाया कि यह क्या हुआ ? वह क्षण भर के लिए स्तब्ध-सा हो गया। कुछ बोल ही नहीं सका।

बँधे हुए अर्जुन को वही छोडकर वे कामान्ध पुरुष मन्दिर के भीतर प्रवेश करती हुई बधुमती को निर्लज्ज भाषा में इस तरह कहने लगे—"अरे ! आ ! आ ! लावण्य-लीला-लहरी ! प्राणप्रिये ! हम लोगो का मनोरथ पूर्णकर ! भागीरथी गगे ! काम-कीचड से भरे हुए हम पापियो को पवित्र कर ! यौवन की मेघमाला ! काम-ताप से सतप्त हम राहगीरो को प्रेम-वृष्टि से शीतल बना। हे सुभ्रू ! हम कामार्तों को क्यो घुमा रही हो ? हे मोहनवल्ली !

हूरे भरे वृक्षो का आलिंगन क्यो नही करती हो ? हे वसुधा पर अवतरित सुधा ! क्यो नही हम चेतनारहित प्राणियो को जीवितदान देती हो ? इस तरह विषय-विषाक्त अनगल वचन बोलते हुए वे मृत्यु के समान उस बधुमती का आलिंगन करने को तत्पर हुए।

श्येन पक्षी का आक्रमण होने पर जैसे चील और सिंह दिखाई देने पर जैसे हरिणी कांपती हुई किंकर्तव्यविमूढ हो जाती है वही दशा बन्धुमती की हो गई। उसके तालु जिह्वा होठ सूख गये। आसपास कोई शरण न देखकर आँखो के सामने नीलपीतादि रगो वाला अधकार छा गया और उसके मुख-कमल की स्वच्छ कान्ति श्यामल हो गई। भग्न-स्वर से वह बार-बार पुकारने लगी— हे प्राणेश ! मुझ अबला की रक्षा करो रक्षा करो ! हे पतिदेव ! दौडो शीघ्र दौडो ! धर्म नष्ट करने वाले ये गुण्डे मुझ पर आक्रमण कर रहे हैं। इस तरह चिल्लाती हुई उस बन्धुमती को जमीन पर गिराकर वे छ ही दुराचारी बलात्कार करने लगे।

यक्ष प्रतिमा के सामने पीठ से बाँध हुए माली ने अपनी प्राणप्रिया का पत्थर को भी पिघला देने वाला रुदन सुना और दुष्टो के द्वारा की गई स्त्री की कदर्थना भी देखी। तत्काल उसके होठ कांपने लगे। ललाट पर त्रिवली तन गई और क्रोध से आँखो मे उषा-काल की-सी लालिमा छा गई। इन दुष्टो को पापियो को दुराचारियो को नीचो को क्षण भर मे चोट पहुँचा दू नीचे गिरादू मार डालू इनका प्राण हरण करदूं इस तरह मन ही मन जोश खाते हुए एव जाज्वल्यमान क्रोध-ज्वाला से प्रौढ पराक्रमी बनते हुए माली ने बन्धन तोडने की बहुत चेष्टा की। सारे शरीर की ताकत से हाथ पैरो को ऊचा नीचा करने का अत्यन्त प्रयत्न किया। लेकिन निकाचित कर्म-बन्धन से बद्ध जीव की तरह उन बन्धनो को तोडने मे समर्थ नही हुआ। अफसोस ! एक तिर्यच भी अपनी प्रिया का तिरस्कार नही सह सकता तो फिर विवेकशील हाथ-पैर वाला मनुष्य तो सहे ही कैसे ?

पिंजरे मे बधे सिंह की तरह स्तभ से बध हुए हाथी की तरह अर्जुन के सारे शारीरिक प्रयास व्यर्थ गये। क्रोध से थर-थर कांपता हुआ अत्यन्त सतप्त हुआ माली वही पडा-पडा विचारने लगा—हाय ! हाय ! आज यह क्या हुआ ? कैसे दरिद्र सूर्य का दर्शन हुआ ? यह कैसा दुर्दशा-दर्शक दिन है ? यह कैसी प्रलय की वेला है ? यह कैसी दुर्घटना वाली घडी है ? कोई दूसरा मनुष्य भी तो यहाँ नही है जिसके सामने पुकार करू। अरे ! रे ! मैंने वृथा ही इस मुद्गरपाणियक्ष की प्रतिमा का पूजन किया। हा ! हा ! मैंने वृथा ही फूल

भेंट चढाये। अरे! मैंने व्यर्थ ही चन्दनादि द्रव्यों से इसकी अर्चना की। हाय! मैंने वृथा ही इसके सामने मस्तक घिसा। आज मेरा सब कुछ होमा हुआ राख मे गया। मेरी सारी क्रियाएं प्रवाह मे मूत्र के समान अदृश्य हो गई और मेरा सब किया कराया अरण्य-रुदन-सा सिद्ध हुआ।

हे शक्तिशून्य प्रतिमे! आखें फाडकर क्यो भक्त की कदर्थना देख रही है? रे जडमयी! अपने अस्तित्व को प्रकट करने मे क्या तुझे शर्म आती है? चेतनाहीने! कोई भी शक्तिशाली भक्तो की दुर्दशा नही देख सकता। तू अपने सामने हो रही दुर्घटना को दूर न करती हुई क्यो नही दो चुल्लू पानी में डूब कर मर जाती? लोग विस्तृत स्तवना द्वारा व्यर्थ ही तेरी स्तुति करते हैं। हाय! अधो के पीछे अधे चलते है। धिक्कार है मेरे अविवेकी पूर्वज-पुरुषो को, जिन्होने ऐसी निन्दनीय पूजा की कुल-परम्परा चलाई। काष्ठमूते! क्यो मन्दिर मे बैठकर मूढ जनों को धर्म से च्युत करती है? क्यो नही जाज्वल्यमान अग्नि मे पडकर राख की ढेरी बन जाती? पतितसत्वे! तेरी इस शक्तिहीन स्थिति से क्या लाभ है? हे निष्क्रिये! क्यो वृथा गौरव धारण करती है। जब कि अवसर आने पर भी कार्य नही साध सकती? उस तेज घोडे से क्या लाभ, जो दशहरे के अवसर पर भी नही दौडता? बडे-बडे स्तनों वाली उस गाय से क्या प्रयोजन, जो कभी दूध ही नहीं देती? उस धन्वन्तरि वैद्य का क्या किया जाय, जो चिकित्सा करने के अवसर पर भी प्रमाद मे पडा रहे? अयि मुद्गरधारिणी! तेरे अन्त सारशून्य मुद्गर की विभीषिका से क्या अर्थ? तेरे देवतापन की आज पोल खुल गई। तेरा प्रभाव-वैभव सब नष्ट हो गया। तेरा सारा चमत्कार-चातुर्य विलीन हो गया। तेरा वास्तविक रूप आज विदित हो चुका। सबके हृदय से तेरे प्रति विश्वास आज उठ गया। आज के बाद तुझे कोई पूज्य भाव से नही देखेगा और न तेरे सामने कोई उत्तम उपहार रखेगा। यही नही, तेरा यह स्थान शून्य रहने से रात को गधो का निवास बनेगा। तेरा स्नान कुत्तो के मूत्र से होगा। दिन-रात कबूतरो की ध्वनि से तेरी स्तुति होगी। पक्षियो के बच्चो की विष्ठा से तेरी चर्चना होगी। उल्लुओ के शब्द से तेरी घटा बजेगी। रात को घूमने वाले सापो की मणि से यहाँ प्रकाश होगा।"

इस तरह कल्पना-जाल बुनते हुए, सहायहीन अवस्था मे यक्ष को बार-बार उपालभ देते हुए और क्रोध की विवशता से बार-बार शाप देते हुए उस अर्जुनमाली के शरीर मे, आसन चलित होने से सारी दुखद घटना को जानकर, भक्त की सेवा के लिए तत्परता से आकृष्ट होकर, कुछ चमत्कार दिखाने के लिए यक्ष शक्तिरूप से तत्काल प्रविष्ट हुआ। उसी समय उसके शरीर मे निग्रह करने

मे सक्षम हाथी के बल को भी परास्त करने वाली पहाडो को भी चूर्ण कर देने मे समर्थ शक्ति का प्रादुर्भाव हुआ क्योकि देवताओ का प्रभाव अचिन्तनीय है। कमल-नाल की तरह या कच्चे धागे की तरह उन बन्धनो को तत्काल उसने अनायास तोड डाला। तभी वह सहस्रपल भार वाला यमराज के दण्ड के समान उस मुद्गर को उठा कर आखो से खून बरसाता हुआ दौडा। वह बार बार मुह से पुकार रहा था—पापियो के प्रमुखो! दुराचारियो! दुष्टो! ठहरो ठहरो! तुम कामार्तों के पास काल आ ही धमका समझो। निर्लज्जो! दुराचार करने मे तो तुम लोगो का दुश्चरित्र कुत्तो से भी बढकर है। रे कामान्धो! सभी जगह तुमने धाधली मचा दी। अब तुम्हारे दु साध्य रोग की प्रतिक्रिया हो चुकी। अब तुम्हारा अपराधी जीवन गया ही समझो। पतन योग्य तुम्हारे प्राण प्रयाण करने वाले ही है।

वे विषयलोलुप देख भी नही पाए तब तक तो भयानक आकृति वाला अर्जुन मुद्गर उठा कर छहो पर टट पडा। प्रचण्ड क्रोध के कारण पहले से ही उसका बल दूना बढ चुका था। यक्ष प्रवेश से और अधिक बढे हुए पराक्रम से उसने इतने जोर से मुद्गर का प्रहार किया कि मिट्टी के भाडे की तरह उन छहो के मस्तक तीव्र ध्वनि के साथ भग्न हो गये। उनके मुह से गर्म रक्त की धारा बह चली मानो वह विषयराग की लालिमा प्रकट कर रही हो। हमने देखने मे बहुत पाप किया है' ऐसा पश्चात्ताप करते हुए उनके अक्षिगोलक बाहर निकल पडे। हम ऊची होकर क्या करेंगी —मानो यह विचार कर उनकी नासिकाए लज्जा से नीची हो गई। दूसरो को चबाने वालो का निश्चित ही पतन होता है —मानो यह तथ्य अपने दृष्टान्त से प्रकट करते हुए उनके दात भूतल पर गिर पडे। लम्बे निश्चेष्ट काष्ठ की तरह वहा पडे हुए उनके कलेवर मानो कह रहे थे— सब खाने के इच्छुक शृगाल कुक्कुर गीध आदि आए मन भर पेट-पूर्ति कर लें।

इस तरह उन सबको नाम शेष करके भी माली के क्रोधाग्नि की सर्वतोमुखी ज्वाला शान्त नही हुई। विकृत-वेष वाली बन्धुमती को देख कर कोपकर्कश वाणी से भर्त्सना करते हुए वह कहने लगा— री दुष्टे! अब तक क्यो जी रही है? पतिव्रत धर्म नष्ट हो जाने पर भी मुह दिखाने तुझ शर्म नही आती? जीवन प्यारा है मगर धर्म उसस भी बढ कर प्यारा है। तत्त्ववेत्ता पुरुष शाश्वत धर्म के लिये क्षणिक जीवन को तृणवत् समझते हैं। रे पापनी! तूने जीवन के व्यामोह से धर्म को त्याग दिया। पतित जीवन वाली! जब वे छ नीच पुरुष बल प्रयोग करके तुझे स्पर्श करने लगे तब तू ने क्या न रचनात्मक काय किया?

जिह्वा खींच कर उसी समय क्यो न मर गई ? किन्तु अर्थ शून्य-बेकाम, "प्राणेश्वर ! बचाओ, बचाओ !" ऐसा प्रलाप करके उस समय तूने क्या सतीत्व की उत्कृष्टता दिखलाई ? क्या तूने बहुत बार कानो से नही सुना कि धैर्यधुराधारिणी चन्दनबाला की माता धारिणी ने रथिक के बलात्कार करने पर उसी क्षण जिह्वा खींच कर प्राणो को त्याग दिया था । इस पृथ्वी पर सतियो का धर्म नष्ट करने मे कोई समर्थ नही है । महाबलशाली रावण भी सीता को छू तक नही सका । तेरे-जैसी कुलटाएं तो कामी-पुरुषो द्वारा चलित होती ही देखी जाती है । श्वास के विश्वास से जीवित बैठी हुई भी तू शीलनाश मे मरी हुई है, क्यो मेरे हृदय को दु खित बनाती है ? वे लोग जहाँ गए उसी स्थान पर तुझे भी मैं पहुँचाना चाहूँगा ।"

इस तरह आक्रोश करते हुए, हिताहित के विवेक से शून्य और पशु-बल को प्रश्रय देते हुए उसने अत्यन्तदीन से मानो काप रही हो, ऐसी भयभीत, मृत्यु-दण्ड के अयोग्य, कर्तव्य-कातरा कामिनी के मस्तक पर उसी मुद्गर का गाढ प्रहार किया । 'मत मारो, मत मारो,' कहती हुई वह बेचारी लम्बी निद्रा मे सो गई और वृक्ष से टूटी हुई शाखा की तरह भूमि पर गिर पडी ।

हाय ! हाय ! क्रोधान्धो की वृत्ति कैसी कलुषित होती है ? क्रोध-प्रवाह मे बहने वाले मनुष्यो की कैसी दयनीय दशा है ? खेद ! बिना विचारे ही उस दुष्ट ने यह दुष्कृत कर डाला ।

प्राणप्रिया बन्धुमती को मार कर अर्जुन रक्तपात-जनित अतिशय घाततायी-भावना से विचार करने लगा—"निश्चय ही यहाँ के सभी नागरिक प्राय दुराचारी हैं । इनमे सच्चरित्र का बल बिल्कुल नही है । यहाँ का राजा भी नीति से प्रजा पर अनुशासन नही करता । नगर में क्या हो रहा है, इस पर ध्यान तक नही देता । इसके शासन मे साधुओ को विषाद है, चारित्रशीलो को सकोच है । उन्मार्ग जाने वालो को प्रोत्साहन है । जीहुजूरो को पुरस्कार मिलता है, पाखडियों की सेवा होती है । दम्भरूप सप से डँसे हुओ को मान्यता मिलती है । धीराग्रणी दु खित रहते हैं । सत्यवादियों की कदर्थना होती है और श्रेष्ठ पुरुषों का उपहास होता है । अच्छा, मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि आज से प्रतिदिन छह-छह पुरुषो और एक स्त्री को इस मुद्गर से यमधाम पहुँचाऊँगा जिससे नागरिको समेत राजा भी अपने शासित स्वाधीन साम्राज्य के सुख का अनुभव करेगा । अपनी उद्दतता का परिणाम भी भुगतेगा ।"

रोष से अर्जुन के होठ काप रहे थे । उसके शरीर मे यक्ष प्रविष्ट था । वह मुद्गर उठा कर घूमने लगा और प्रतिदिन छह पुरुषो और एक स्त्री को

यमराज के पास पहुँचाने लगा। जब तक प्रतिज्ञा पूर्ण नहीं होती तब तक वह विश्राम नहीं लेता।

छह नीच पुरुषों के अपराध के कारण वहाँ के कितने ही निरपराध व्यक्ति मृत्यु पाने लगे। हाय! एक ही घर में फेंका हुआ अग्निकण क्या पड़ोसियों के सकड़ों घरों को जला नहीं देता? एक दुर्योधन की दुर्नीति से क्या कौरव-वंश काल-कवलित नहीं हुआ? एक रावण के दुराग्रह से लंका के लोगों ने क्या कष्ट नहीं पाया? कुछ यादव-कुमारों के मदिरोन्माद से क्या देवलोक समान द्वारिका का दाह नहीं हुआ? यह उक्ति बिल्कुल सही है कि देश का त्याग करके भी दुर्जन से बचना चाहिए।

जनता में कोलाहल मच गया। दुर्भाग्य से यह क्या आकस्मिक उत्पात पैदा हो गया? महामारी जन-संहार के लिए यह कैसी फूट निकली? जन्म जन्मांतर में बोई हुई एवं अनेक दुर्व्यसन-जल से सिक्त पाप-बेल पल्लवित हो गई। प्रतिदिन किसी का भाई किसी का इकलौता पुत्र किसी का जामाता किसी किसी का पौत्र किसी की माता किसी की बहन किसी की भानजी अर्जुन द्वारा मारी जा रही है। सारा राजगृह हाय हाय के आर्तनाद से गूंज उठा। घर घर में दीन-स्वर से क्रन्दन ध्वनि सुनाई देने लगी। मार्ग में पुरवासी जन आपस में यही दुखद वार्ता करते। राजा के पास भी यह पुकार पहुँची। बहुत सावधानी से श्रेणिक ने उस उपद्रव को समूल दूर करने के लिए अनेक चेष्टा की पर लक्ष्य को न भेदने वाले बाणों की तरह राजा के सारे प्रयत्न विफल हो गए। मन्त्रीश्वर अभयकुमार ने भी इस उपद्रव की जाँच-पड़ताल की। आखिर वह निष्कर्ष पर पहुंचा कि यक्षाधिष्ठित शरीर वाला अर्जुन लोगों को मार रहा है। इस उपद्रव की शान्ति सामान्य शक्तिधर मनुष्य कर नहीं सकेगा। पर समय आने पर कोई महाशक्तिधारी व्यक्ति द्वारा ही यह उपद्रव शान्त होगा।

विफल प्रयत्न वाले प्रजावत्सल राजा ने उस उपद्रव से पीड़ित होकर नगर में यह उद्घोषणा करवादी कि— कोई भी चिरजीवित-कामी मनुष्य नगर के बाहर गुणशील उद्यान की दिशा में न जाए। यदि कोई अज्ञानवश या अपनी शक्ति के गर्व से चला जायेगा तो यमराज तुल्य अर्जुन गर्जारव करता हुआ उसको मार डालेगा और वहीं धराशायी हो जाएगा।

यह घोषणा सुनकर कोई भी नागरिक उस दिशा में जाता नहीं था। फिर भी कोई दुःसाहस करके कोई कौतुक के वश होकर कोई दिग्भ्रान्त होकर

मृत्यु की परवाह न करती हुई कोई कार्यमग्न वृद्धा, कोई गोमयादि (गोबर के कण्डे) लाने मे तत्पर बालिका, कोई दूध बेचने वाली अहीरी, कई दूसरे स्थान से आते हुए पथिक या गाडी वाले अर्जुन की प्रतिज्ञा को पूर्ण करते रहे। इस तरह पाच महीना तेरह दिन तक प्रतिदिन सात मनुष्यो के मारने मे तत्पर, अत्यन्त निष्ठुर चित्तवाले, आततायी, अर्जुन ने ११४१ व्यक्तियो को समूल उखाडा, मारा और जीवन से च्युत किया। हाय ! चड स्वभाव वालो की वृत्ति कसी चाडाली होती है !

चौथा समुच्छ्वास

नीतिज्ञ लोक निन्दा करे या प्रशसा लक्ष्मी अपनी इच्छा से घाए या जाए मृत्यु आज हो या युगो के बाद पर धीर व्यक्ति न्याय-मार्ग से एक कदम भी चलित नही होते। (भर्तृहरि)

वस्तु पर्यायरूप से प्रतिसमय परिवर्तित होती रहती है। उत्पाद-व्यय ध्रौव्य रूप त्रिभगी विविध भाव भगिमा से समस्त विश्वस्थिति को तरगित करती है। जैसे भौतिक सुख पवन से आन्दोलित तरगो की भांति चचल है वैसे ही दु ख भी क्षणिक है। वस्तुत ससार मे जो सुख है वही दु ख है और जो दु ख है वही सुख। मनस्वी पुरुष सुख की तरह दु ख को भी उपयोगी मानते है। रोग शान्ति के लिए लोग मधु की तरह नीम को भी सहर्ष पीते है। सुख मे फूलने वाले ही व्यक्ति दु ख मे दीनता दिखलाते है। समता को श्रेष्ठ मानने वाले महर्षि सशरीरावस्था मे भी मुक्ति-सुख का अनुभव करते है।

कोप विवश अर्जु न ने राजगृह की जनता को बहुत त्रास पहुचाया। जहाँ कही भी लोग इकट्ठे होते यही बात करते— कब यह नगरी इस कष्ट-समुद्र को पार करेगी ? रक्तपिपासु मालाकार की यह क्रोधरूप प्रचण्ड चण्डी कब तृप्त होकर मुह फेरेगी ? अभी तक कोई ऐसे चिह्न नही दीख पडते जिनसे यह व्यथा-ज्वाला शात हो। भगवन् ! हमने क्या ऐसे भयकर पाप किए हैं जिनके उदय से ऐसी भयानक विपत्ति-बेल बढती ही जा रही है ?

इस तरह दु ख कीचड मे कठ तक फँसे हुए वहाँ के सभी लोग विविध विकल्पो की शय्या मे सोते हुए नित्य दु स्वप्न देख रहे थे।

इधर भव्य जीवो के सौभाग्य-पवन से प्रेरित मेघ के समान जहाज से भव-समुद्र को स्वय तैरते और अपने आश्रितो को तारते हुए ग्रामानुग्राम विहार करते हुए और परोपकारमय जीवन बिताते हुए अरिहन्त भगवान् चौबीसवें तीर्थकर श्रीमद् वर्धमान स्वामी का राजगृह नगर के गुणशील उद्यान मे पदार्पण हुआ।

पूज्य देवाधिदेव के आगमन की सूचना धार्मिक लोगो को देता धर्म-चक्र आकाश मे चलने लगा। निर्द्वन्द्व, अचल एव अनन्त सुख के अभिलाषी भगवान् सदा आनन्दित रहते हैं मानो ऐसा आवेदन करती हुई देव-दुन्दुभि तीव्रध्वनि से आकाश मे बजने लगी। चलते हुए धर्मचक्र को देखकर और देव-दुन्दुभि का शब्द सुनकर राजा और पुरवासी लोगों ने जाना कि निश्चय ही परमपूजनीय चरम-तीर्थकर आर्य देवार्य का आगमन हुआ है और गुणशील उद्यान के भूभाग को पवित्र करते हुए विराजमान हैं। किन्तु अर्जुन के डर से वहाँ जाने मे असमर्थ श्रेणिक आदि समस्त श्रावको ने अपने-अपने स्थान पर ही विधि-सहित वन्दना की। अत्यन्त हर्ष से गुणग्राम का गान किया और धैर्य को शिथिल करते हुये कहा—भगवन्! हम अत्यन्त कायर हैं, इस कारण घर बैठे ही आपकी सेवा कर रहे हैं, साक्षात् दर्शन करने मे अक्षम हैं। वह भी कोई धन्य समय होगा जब आपका मुखचन्द्र साक्षात् देखेंगे और चरण-युगल का मस्तक से स्पर्श करेंगे।

सुदशन सेठ ने भी गगन मे चलते हुए धर्मचक्र को देखा और देव-दुन्दुभि का नाद सुना तो समझ लिया कि भगवान् का मगलमय आगमन हुआ है। हर्षातिरेक से उसका मुख-कमल विकस्वर और सारा शरीर रोमाचित हो गया। अरिहन्त का परमोपासक और निर्मल दृष्टिवाला सुदर्शन विचार करने लगा—"धन्य है आज का दिन, जिसमे मानो सोने का सूर्य उदित हुआ है। धन्य यह मगलमयी वेला और कल्याणकारिणी घडी। धर्मानुरागियो के द्वारा यह क्षण भी पूजनीय है। जिनके नाम-श्रवण मात्र से भी प्राणियो के समूह कृतकृत्य हो जाते है, उनका मैं आज साक्षात्कार करूँगा। सम्पूर्ण ससार में इससे बढकर क्या शुभ है ? आज मेरा पुण्य-नीर से सिक्त भाग्यवृक्ष फलित हुआ है। गुण-रत्नो का निधान मेरे पास आ चुका है।"

इस तरह सोचता हुआ सुदर्शन भगवान के दर्शन के निमित्त तैयार हुआ। परम प्रसन्न-मुद्रा में सज्जीभूत प्रस्थानोद्यत पुत्र को देखकर माता-पिता ने पूछा—'नन्दन! आज कहाँ जाने के लिए तैयार हुए हो? क्या किसी सहचर ने भोजन के लिए निमन्त्रण दिया है? किसी धर्मसभा में जा रहे हो? अथवा अन्यत्र कहीं?'

हाथ जोड कर सुदर्शन ने उत्तर दिया—'नही, माता-पिताजी! मैं तो अपने परमाराध्य इष्ट देव श्री महावीर प्रभु के दर्शन के लिए उत्कण्ठित हुआ हूं। वहीं जा रहा हूँ, कृपया मुझे शुभाशीष दीजिए।'

भयभीत होकर माता-पिता ने कहा—'क्या कहा? दर्शन के लिए उद्यान

मे ! ऐसी बात मत कहो । माली की नृशसता भूल गये क्या ? बेटा ! किसको भगवद् दर्शन अत्यन्तप्रिय नहीं है ! उनके द्वान्द्वातीत चरणयुगल को छूने की किसकी इच्छा नहीं होती । शान्ति मार्ग बतलाने वाली सुधावर्षिणी उनकी वाणी किसके कर्णमूल को पवित्र नहीं करती ? किन्तु समय अनुकूल नहीं है । वहीं वहाँ जाने मे विघ्न काल रहा है । हे कुलकेतु ! क्या नित्य होने वाला हत्याकाण्ड तूने नहीं सुना ? घर घर मे सुनाई देता आक्रन्दन क्या तेरे करुणा सरोवर को शुष्क नहीं बनाता ?

भगवान् तो केवलज्ञानी हैं । वे समस्त लोकालोक के भाव करामलकवत् प्रति समय देख रहे हैं । ज्ञानावरणीय कर्म का क्षय होने से गुप्त से गुप्त किया हुआ भी साक्षात निहार रहे है । हे वश के सूर्य ! महात्मा लोग भाव के भूखे होते हैं । व सात्विक वृत्ति वाले बाह्य आडम्बर को विशेषता नहीं देते । इसलिए इस असामयिक कार्य से निवृत्त बन । यहीं ठहरकर उत्कृष्ट भक्ति से और अत्यन्त शुद्ध हृदय से भगवान् को सविनय प्रणाम कर स्तोत्रादिसे उनका अभिवादन कर और आत्मानन्द म रमण करता हुआ आत्मा को पुष्ट कर । एवा करने से तेरी विनीत वन्दना विधिवत् स्वीकृत हो जाएगी । इसम कोई सन्देह नहीं है ।

किसी भी प्रकार की व्यग्रता न प्रकट करते हुए सुदर्शन ने कहा माताजी एव पिताजी ! आप क्यो कमजोरी की बात करते है ? महावीर के अनुयायियो मे क्या ऐसी कायरता उचित है ? जो महावीर के दृढ श्रद्धालु श्रावक है उन्हे कहीं भी भय नहीं है । भगवान की वाणी का निर्भयता से पालन करते हुए वे मृत्यु के मुख मे भी सुख मानते है । प्राणी आवीचिमरण की अपेक्षा से प्रतिक्षण मर ही रहा है । निश्चय यमराज मु ह मे डाले हुओ को निगलता हुआ गोद मे रखे हुओ को कसे-छोडेगा ? अध्रुव प्राणो के लिए यदि ध्रुव धम को छोड दू तो मेरे जैसा दूसरा कौन इस पृथ्वी पर मूर्ख होगा ? अविनश्वर आत्मिक सुख के निमित्त यदि नश्वर प्राणो का उत्सग करूँ तो चिरकाली के लिये वीरो के समूह म चक्रवर्ती का पद पा लूँगा । पूज्यवरो ! सोचना चाहिए कि यदि म अपनी आत्मा मे जन्तुमात्र के प्रति मैत्री रखता हू तो कौन मुझ से शत्रुता रखेगा ? यदि मैं सब सत्वो को अभय देता हूँ तो कौन मुझे भयभीत बना सकेगा ? सारे ससार को यदि मै बन्धु मानता हू तो अकारण ही कौन मेरा विर घ करेगा ?

क्या आपने देखा नहीं कि परम कारुणिक जिनेन्द्रदेव के पास सिंहनी मृगशिशु से स्नेह करती है ? बिल्ली भी चूहे को मारने के लिए नहीं झपटती ।

सर्पो को नौला व्याकुल नही करता । जन्मजात वैरी भी वैर छोडकर हार्दिक-सौहार्द धारण करते हैं । मै भी तो उन्ही भगवान् का शिष्य हूँ । यद्यपि मुझ मे वैसी अहिंसा की पराकाष्ठा नही है, फिर भी उनके प्रति तल्लीनता से और तादात्म्य सबन्ध से वही शक्ति पैदा हो जाएगी, इसमे कोई सशय नही है । हे माता-पिता ! यदि तात्त्विक दृष्टि से देखा जाय तो अजरामर आत्मा का कभी मरण नही होता । भाग्यशाली ज्ञानी पुरुष जीर्ण वस्त्रो के परित्याग मे कभी कष्ट की परिकल्पना नही करते । इसलिए हे वीर के समुपासको ! आप जिनराज के दर्शन के लिए उत्सुक प्रथम मगल अरिहन्तदेव को स्मृति मे लाते हुए, सवत भयरहित पुत्र को सहर्ष आज्ञा दीजिये । किसी प्रकार की आशका न कीजिए । शुभ कार्य करते हुए अपने पुत्र का सानन्द हौसला बढाइए ।"

माता पिता, प्राणप्रिय सुदशन के वीरता से विलसित, कायरता से रहित, सुन्दर विचारो से पूर्ण और भावी हित के द्योतक वचन सुनकर और उसकी निश्चल भावना को लक्षित कर हृदय मे डरते हुये भी "जैसा सुख हो वैसा कर"—कहकर मौन रह गये ।

सुदशन ने सानन्द वीरदर्शन के लिए पैदल प्रस्थान किया । उत्तरासगादि मे शोभित दर्शनोचित वेशभूषा को देखकर रास्ते मे मिले अनेक सवयस्क लोग प्रस्थान का कारण पूछने लगे । और 'श्री वीर प्रभु के दर्शन को जा रहा हू' ऐसा सुनकर सभी स्तब्ध-चित्रलिखित-से हो गये । तत्पश्चात् प्रेमपूर्ण वाणी से कहने लगे—"मित्र ! वहा जाने के लिए यह समय कल्याणकारी नही है । समय को नही पहचानने वाले विद्वान् भी मूर्ख-शिरोमणि कहे जाते है । भगवान् यहा बहुत बार पधारे हैं और पधारेगे । हम उनके मगलमय दर्शन का निषेध नही करते, किन्तु उनके दर्शन-स्थल को पाएगा कौन ? पहले ही मार्ग मे साक्षात् यम के समान दारुण अर्जुन के दर्शन होगे और वह हाथ में धारण किए मुद्गर से प्राणो का अन्त कर डालेगा । इसलिए हे मित्र, हमारी शिक्षा को मानो, अभी मत जाओ ।"

स्मित-मुद्रा मे सुदशन ने कहा—"अतिआश्चर्य है सहचरो ! क्या ही सुन्दर विचार है आप लोगो का ! आप क्या कल्याणकारी कार्य करेंगे, जिनकी आत्मा इतनी दुबल है और जिनको मरने का इतना भय है । कल्याणकारी कार्य से ही कल्याणकारी काल बनता है, न कि कल्याण की कल्पनामात्र से । उद्योगी कर्मशील व्यक्ति समय की प्रतीक्षा नही करते, प्रत्युत समय उनकी प्रतीक्षा करता हुआ उपस्थित रहता है । विद्वानो ने कहा है—शुभ कार्य शीघ्र

में ! ऐसी बात मत कहो। माली की नृशसता भूल गये क्या ? बेटा ! किसको भगवद् दर्शन अत्यन्तप्रिय नही है ! उनके द्वन्द्वातीत चरणयुगल को छूने की किसकी इच्छा नही होती। शान्ति मार्ग बतलाने वाली सुधावर्षिणी उनकी वाणी किसके कर्णमूल को पवित्र नही करती ? किन्तु समय अनुकूल नही है। वही वहाँ जाने म विघ्न डाल रहा है। हे कुलकेतु ! क्या नित्य होने वाला हत्याकाण्ड सुने नही सुना ? घर घर म सुनाई देता आक्रन्दन क्या तेरे करुणा सरोवर को शुष्क नही बनाता ?

भगवान् तो केवलज्ञानी है। वे समस्त लोकालोक के भाव करामलकवत् *प्रति समय देख रहे है। ज्ञानावरणीय कर्म का क्षय होने से गुप्त से गुप्त किया* हुआ भी साक्षात् निहार रहे हैं। हे वश के सूर्य ! महात्मा लोग भाव के भूखे होते है। व सात्विक वत्ति वाले बाह्य आडम्बर को विशेषता नही देते। इसलिए इस असामयिक कार्य से निवृत्त बन। यही ठहरकर उत्कृष्ट भक्ति से और अत्यन्त शुद्ध हृदय से भगवान् को सविनय प्रणाम कर स्तोत्रादिसे उनका अभिवादन कर और आत्मानन्द मे रमण करता हुआ आत्मा को पुष्ट कर। एसा करने से तेरी विनीत वन्दना विधिवत् स्वीकृत हो जाएगी। इसमें कोई सन्देह नही है।

किसी भी प्रकार की व्यग्रता न प्रकट करते हुए सुदर्शन ने कहा माताजी एव पिताजी ! आप क्यो कमजोरी की बाते करते है ? महावीर' के अनुयायियो मे क्या ऐसी कायरता उचित है ? जो महावीर के दृढ श्रद्धालु श्रावक है उन्हे कही भी भय नही है। भगवान् की वाणी का निर्भयता से पालन करते हुए वे मृत्यु के मुख म भी सुख मानते है। प्राणी आवीचिमरण की अपेक्षा से प्रतिक्षण मर ही रहा है। निर्दय यमराज मुह मे डाले हुओ को निगलता हुआ गोद मे रखे हुओ को कैसे छोडेगा ? अध्रुव प्राणो के लिए यदि ध्रुव धर्म को छोड दू तो मेरे जैसा दूसरा कौन इस पृथ्वी पर मूर्ख होगा ? अविनश्वर आत्मिक सुख के निमित्त यदि नश्वर प्राणो का उत्सर्ग करदू तो चिरकाली के लिये वीरो के समूह मे चक्रवर्ती का पद पा लूंगा। पूज्यवरो ! सोचना चाहिए कि यदि म अपनी आत्मा मे जन्तुमात्र के प्रति मैत्री रखता हू तो कौन मुझ से शत्रुता रखेगा ? यदि मैं सब सत्वो को अभय देता हूँ तो कौन मुझे भयभीत बना सकेगा ? सारे ससार को यदि मैं बन्धु मानता हू तो अकारण ही कौन मेरा विरोध करेगा ?

क्या आपने देखा नही कि परम कारुणिक जिनेन्द्रदेव के पास सिहनी मृगशिशु से स्नेह करती है ? बिल्ली भी चूहे को मारने के लिए नही झपटती।

कर डालना चाहिये। कौन जाने आगामी समय कसा आएगा ? समय अमूल्य धन है। समय ही बड़ा साधन है। समय साधने वाले के सभी कार्य सिद्ध हो जाते है। जब मै दूसरे गाव मे भी प्रभु का पदार्पण सुनकर बहुत बार वहा दर्शन के लिए जाया करता हू तो फिर यहाँ विराजते हुए देवार्य की कैसे सेवा न करू ? मैं ऐसा मदभाग्य नही हूँ कि मौत के डर से आत्मा को प्रभुदर्शन से वंचित रखू। मित्रो ! बुरे भावो मे मैं बहुत बार मर चुका हूँ पर उससे कुछ भी कल्याण नही हुआ। यदि आज मे प्रभु की ही लय मे लीन उनके ही ध्यान मे मग्न और सर्ववासनाओ से मुक्त अर्जुन के मुद्गर प्रहार से मर जाऊ तो इससे बढकर शुभ और क्या होगा ? स्नेहशील बधुओ ! आप लोग कोई खेद न करे यह सुनिश्चित है कि अच्छे काम के अच्छे ही फल होगे।

उसकी ऐसी सकल्प शक्ति को जानकर शुभ हो' ऐसा कहकर सारे मित्रा ने अपना-अपना रास्ता लिया।

विद्युत् की चमक की तरह यह बात नगर भर मे फैल गई। कुछ एक व्यक्ति वहाँ जाते हुए सुदर्शन को देखकर और उसके कार्य पर आक्षेप करते हुए व्यग कसने लगे—

मुह पर हास्य की रेखा दिखाते हुए एक ने कहा—यह महात्मा आज किधर जा रहे है ?

दूसरा—पता नही ? ये भक्त भगवान् के दर्शन व चरण स्पर्श के लिए जा रहे हैं।

जोर से हँसता हुआ तीसरा कहने लगा—झूठी बात है। ऐसा कहो कि यह मत्युदर्शन के लिए भूमिअर्पण के लिए और अर्जुन को हर्षित करने के लिए जा रहा है।

जोर से ताली बजाते हुए फिर दूसरे न कहा—अरे तू तो मूख है। कोई भी दुष्ट भक्त का बाल बाका नही कर सकता। मृत्यु के मुह मे तो तेरे मेरे जैसे पापी ही समा सकते हैं।

फिर तीसरा—अच्छा अच्छा क्षमा करो क्षमा करो मैंने महापुरुषो की आशातना की है।

पास मे खडा कोई चौथा – तब तो यह भक्त नगर के उपद्रव को भी शात कर देंगे।

पहला—नगर का उपद्रव भी शान्त हुआ ही समझो जब ऐसे भक्त जा रहे है ।

दूसरा—अवश्य, अवश्य, वे स्वयं ही स्वर्ग को पवित्र करने के लिए प्रस्थान हो जायेंगे।

ठहाका मार कर हसते हुए सभी—'अवसर का अजान तू रग मे भग कर रहा है ?'

चौथा—ऐसे अवसर तो कभी-कभी ही मिलते है।

पहला—हा, रास्ते मे भीड भी नही है।

दूसरा—अहो ! बिल्कुल जान लिया, जान लिया। एकान्त मे भगवान् से वार्तालाप करने का भी मौका अच्छा मिल जायगा। ज्यादा भीड-भाड मे सूक्ष्म-प्रश्नो का भी समाधान नही हो पाता न ?

सभी बोले—ऐसे अवसरो को तो भक्त ही जान सकते है, दूसरे नही।

पहला—ऐसे भगवद्भक्त अपने शहर मे कितने है ?

तीसरा—ऐसे भक्तश्रेष्ठ तो केवल पाच छह ही है।

दूसरे ने विस्मित होकर कहा—तो बाकी के पाँच कहाँ मर गए ? जो इसके साथ नही जा रहे है ?

तीसरा—तू तो बकवास कह रहा है। मृत्यु कहाँ पाए ! वे तो अर्जुन द्वारा नाम शेष हो चुके है।

दूसरा—हा, हा ! यह भी नामशेषता प्राप्त करना चाहता है।

पहला—क्या आश्चर्य है ? नामशेष ही ससार मे जीवित है। तेरे जैसे अन्य तो जीवित भी मृत के समान है।

दूसरा—तेरे जैसे भी तो ?

चौथा—अच्छा, तो ये महात्मा पधारे और शीघ्र यश शेष हो जाए।

कुछ भद्र प्रकृति के धार्मिक जन सुदर्शन को जाते देख परस्पर कहने लगे—'धन्य है यह वीराग्रणी पुण्यात्मा सुदर्शन, जो मृत्यु भय की परवाह न कर महावीर के दर्शन के निमित्त जा रहा है। धन्य है इसकी माता को, जिसने ऐसे पुत्ररत्न को जन्म दिया। इसकी धर्मनिष्ठा प्रशसनीय है, जो आपत्काल मे भी कर्त्तव्य च्युत नही होती।'

कतिपय भद्र पुरुष सहानुभूति दिखाने के लिए उसके साथ मुख्य दरवाजे तक गये और कुछ लोग कौतूहल के वश मृग की तरह उसके पीछे-पीछे, धीरे-धीरे चले। किन्तु सुदर्शन योगीश्वर की भाँति निन्दा और प्रशसा मे समभाव करता हुआ शहर के प्रधान द्वार पर पहुचा। साथ के सारे लोग समुद्र तट के

किनार पर खड़े पुरुषों की भाँति वहीं ठहर गए। कुछ लोग भावी-दृश्य देखने की उत्सुकता से द्वार के ऊपर चढ़ गए। परभवगामी जीव की तरह एकाकी सुदर्शन नगर के बाहर चला। केवल धर्म ही उसका सहायक था। महावीर के सम्मुख जाते हुए सुदर्शन को शान्तरस से सपृक्त वीररस जैसा पिण्डीभूत धर्म जैसा अवतरित साक्षात् धर्म जैसा मूर्त दयाभाव जैसा चलता फिरता गुणरत्न-निधि जैसा और प्रत्यक्ष नियम जैसा दरवाजे पर खड़े लोगों को प्रतीत हुआ।

इधर प्रतिदिन सात व्यक्तियों की हत्या में लगा हुआ क्रोध से व्याकुल करता से भरा हुआ हिंसक अर्जुन जंगल में शिकार की खोज करने वाले व्याध की तरह गुणशील उद्यान के दरवाजे पर कंधे पर मुद्गर धारण किये आने वाले की प्रतीक्षा कर रहा था। निर्भय सुदर्शन को आते देखकर खुश होता हुआ वह विचार करने लगा—अहो मेरी प्रतिज्ञा पूर्ण करने के लिए पहला ग्रास आ रहा है। मगर अति आश्चर्य की बात है! प्रायः हत्या के रहस्य को न जानने वाले ही मेरे नजदीक आते हैं और अन्धों की तरह मरणान्धकूप में गिर जाते हैं। पर आज तो सब रहस्य को जानने वाला कोई मरणेच्छु व्यक्ति ही सामने आ रहा है। अहो! अक्षयनिधि विधि का कौन पार पा सकता है? पड़ा-पड़ा भी अजगर पेट भर लेता है। केवल मांस भोजन करने वाला सिंह भी प्रतिदिन तृप्ति प्राप्त करता है। विशदवर्णी राजहंसों की भी पूर्णतया पूर्ति मोतियों से होती है। दुनिया जान गई है कि मैं मनुष्यों का संहार करता हूँ फिर भी आश्चर्य है कि नित्य नये सात व्यक्ति मेरे द्वारा यमराज के पास पहुँचते आ रहे हैं। चलो यह मरणासन्न उद्यान के पास आ चुका है। अभी इसे यमलोक में पहुंचा दूं। ऐसा निश्चयकर मुद्गर घुमाता हुआ अधीरों का धैर्य डोलाता हुआ वह दौड़ा।

शस्त्रधारी दानव के समान पृथ्वी पर दौड़ते हुए अर्जुन को देखकर दरवाजे पर स्थित सभी लोग भय से कांप उठे। हाय! हाय! प्रिय सुदर्शन यमराज द्वारा आलिंगित किया जा रहा है। शीघ्र ही इसका जीवन दीर्घमार्ग का आलम्बन लेगा। पापिष्ठ! तू कहीं भी समय नहीं पहचानता। अपनी उद्धत प्रकृति से सभी जगह एक-सा वर्ताव कर रहा है। कैसे-कैसे नररत्नों को तू पुराने शरीर रूप मन्दिर से च्युत कर देता है। सचमुच विवेकहीनों की प्रवृत्ति बिना सोचे विचारे ही होती है। विचारशील व्यक्ति कुछ करते हुये पद-पद पर चिन्तन करते हैं। निपुण व्यक्तियों को मूर्खों के सामने विद्वत्ता या वीरता का प्रदर्शन कदापि नहीं करना चाहिये। गावड़े का निवासी जड़मति व्यक्ति

विद्वानो की विशिष्ट पटुता व विद्याविलक्षणता को क्या जाने ? गुलाब के बगीचे मे घुसकर भी गधा क्या सौरभ का आनन्द उठाएगा ? कदली-उद्यान मे रहता हुआ ऊँट क्या केले खाने की विदग्धता दिखलायेगा ?"

सुदर्शन ने भी मुद्गर घुमाते हुए और साक्षात् यम का अभिनय करते हुए अर्जुन को देखा। वह तत्काल वही खडा हो गया और निर्भय भावना से चिन्तन करने लगा—"आगया है यह क्रोध से परवश, दयनीय दशा वाला, लोगो को सत्रस्त करता हुआ अर्जुन ! लेकिन भयानक क्रोधरूप दानव क्रोध से नही मारा जा सकता। जो विरोध को प्रतिशोध से शमन करना चाहता है वह बन्धन डाल कर अग्नि को शात करने का प्रयत्न करता है। खुजली खुजलाने से शीत नही होती। प्रतिकूलवस्तु को उसके प्रतिकूल स्वभाव से ही अनुकूल बनानी चाहिये, न कि अनुकूल धर्म से। पानी ही अग्नि को शान्त कर सकता है। अग्नि ही शैत्य मे उष्मा भर सकती है। क्षमा ही क्रोध रूप रोग की उत्कृष्ट औषध है।"

"एक नीतिकार ने कहा है—क्षमा ही उत्तम प्रतिशोध है। क्षमा वीर का आभूषण है। इसमे कायरो का अधिकार नही है। इसलिए क्षमा रूप कवच को धारण कर रचनात्मक उपदेश से ही उसके क्रोध को शान्त करना उचित होगा, अभी वचन के उपदेश का असर नही है।" ऐसा विचारकर, सुदर्शन तत्काल हाथ जोडकर भगवान् महावीर प्रभु को नमस्कार कर, विज्ञप्ति करने लगा—"हे त्रिकालदर्शिन् ! भगवन् ! जबतक आपका साक्षात् दर्शन न हो, तब तक इस क्षणभगुर शरीर को वोसराता हू, चारो आहारो का त्याग करता हूँ और समस्त जीवो के साथ मैत्री-भाव धारण करता हूँ, हे त्रिजगत्पति ! आज मेरी परीक्षा का अवसर है। हे कृपासिन्धु ! मुझे ऐसी अमोघशक्ति दो कि मैं जगत् के सम्मुख अपना मस्तक ऊँचा रख सकू और आर्हतमतावलम्बियो का महान् आदर्श उपस्थित कर सकू, साथ ही आपकी सर्वातिशायी महिमा प्रकट कर सकूँ।"

"हे अनन्तशक्तिधर ! छात्रो का परीक्षा मे उत्तीर्ण होना अध्यापको की महत्ता का सूचक है। सेना की विजय मे ही सेनापति की विजय है। पुत्र की श्लाघा पिता को श्लाघ्य बनाती है। हे अमदानन्दमय ! आपकी छत्र-छाया मेरे सिर पर है, अत मे नितान्त निर्भय हू। सारी वासनाओ के निष्कासन से पूर्ण सुखी हू और तेरे चरणों में आत्म-समर्पण कर मैं बहुत आनन्दित हू।

हे धर्य धौरेय ! आपके उपदेशामृत से जो तृप्त हैं उनका ध्यान कौन चलित कर सकता है ? आपके चरणकमल मे रमण करने वालो का चित्त कौन चंचल बना सकता है ?

इस प्रकार अपने मन को विशुद्ध करके और मेरु की तरह अडोल होकर सुदर्शन वही पर समाधिस्थ हो गया। योगीराज की तरह आंखें मूंद कर खडा रह गया।

पाँचवा समुच्छ्वास

महान पुरुषो के चित्त वज्र से भी अधिक कठोर तथा फूल से भी अधिक कोमल होते हैं। ऐसे लोकोत्तर पुरुषो की चित्तवृत्ति को कौन जान सकता है ?

—भवभूति

ससार के प्राणी सात भयो मे से मृत्यु को सर्वाधिक भयकर मानते है। कानो-कान किसी की मृत्यु की बात सुनकर भी लोगो के हृदय कपित हो जाते हैं। यहाँ आकर सारी आशाएँ दिशाओ की भाति शून्य होने लगती हैं, और सारे ही कल्पित मनोरथ भूमिशायी हो जाते है। जगत् को जीतने वालो का भी यहाँ आते पराजय का ढोल बजने लगता है। परन्तु जो मृत्यु से भय नही खाते और काल के सामने भी विकल नहीं होते ऐसे वीराग्रणियो को कहा भय है ? उन नि स्पृहो के पराभव की सभावना ही कहाँ है ? अस्तु, सुदर्शन उस समय कूटस्थनित्य की तरह स्थिरता धारण किये हुए था और कलक-रहित चद्रमा की तरह अमृत वर्षा कर रहा था। उसे देखकर और समीप आकर गर्जता हुआ अर्जुन मन में सोचने लगा—अहो ! मैंने तो ऐसा कोई भी वीरशिरोमणि नही देखा, जो मेरे सामने भी निश्चल ध्यान-मुद्रा धारण कर रहा हो। दौडना, चिल्लाना तो दूर रहा, इसके चेहरे पर चिन्ता की रेखा भी दिखाई नही देती। यह कोई विलक्षण मनुष्य है, पर्वत से स्पर्धा करने वाला इसका धैर्य है। इसकी सहिष्णुता आश्चर्यजनक है। इसकी तल्लीनता प्रशसनीय है और इसकी अलौकिक स्थिति देखने योग्य है। यह कोई मनुष्य है, या काष्ठ ठू ठ है ? यह नर है या देवता ? यह चेतन है या जड ? कुछ भी समझ मे नही आता। दूसरे लोग मेरी भयकर आकृति को दूर से ही देखकर भय-भ्रात हो जाते हैं। मुझे देखकर अपनी शक्ति का गर्व दिखाते हुए, मुझ पर आक्रमण करने के लिए युद्ध तत्परता दिखलाते हैं और कई एक दूर से ही मेरी गर्जना सुनकर यम के महमान बन जाते हैं। पर आज क्या हो गया ? प्रतिदिन होने वाली घटना आज बिल्कुल विपरीत दिशा मे जा रही है ? अरे ! इसके चेहरे पर न क्रोध है, न भय है न

दीनता है ! न दम्भ है ! प्रेम की मूसलधार वर्षा से यह मेरे क्रोध-दावानल को शान्त करने की चेष्टा कर रहा है।

अरे अरे ! हट चल-चल अब तेरी यह अनुरागभक्ति वृथा है। इस अर्जुन ने तेरे जसे सैकड़ों भक्तो को मत्यु के घाट उतार दिया है। इस तरह मन ही मन अनेक कल्पनाए करता हुआ वह पापी तत्काल सुदर्शन के वध के लिए निर्दय हाथों से मुद्गर घुमाने लगा।

हे भव्यो ! उसे कौन चलित कर सकता है क्षुब्ध कर सकता है, या मार सकता है जिसकी रक्षा के लिए धम रूपी महाराज सावधानी के साथ तत्पर हो। धर्म-कल्पवृक्ष की गहरी छाया मे बैठने वाले मनुष्यो के दुख विमुख हो जाते है, सुख समीप आते हैं हव बढता ही जाता है विषाद ठहर नही सकता सम्पदा पग पग पर उसे वरण करती है। विपदा को वहाँ स्थान नही मिलता है। भव्यजनो ! ऐसे निष्कारण करुणावान महारक्षक धम को पाकर भी क्यो दूसरो की शरण चाहते हुए कष्ट-भाग बनते हो ? क्यो न धर्म-महाराज के चरणो मे सर्वस्व समर्पण करके निश्चल बनते हो। वे ही मूढ ससार मे मार जाते है गिराये जाते है छले जाते है मौत पाते हैं जो प्र व धम का आदर न करते हुए भटकते हैं और दृढतापूर्वक उपासना न करते हुए धृष्टता दिखलाते हैं।

खैर मारने को जिसने गदा ऊँची कर रक्खी है ऐसा मदान्ध अजु न धम प्रभाव से या भगवान् के अतिशय से गदा को नीचे करने मे समर्थ नही हुआ—उसके हाथ ऊपर ही ऊपर स्तब्ध हो रहे।

विज्ञजनो ! देखिए यह अहिंसा और हिंसा का निर्द्वन्द्व सघर्ष ! एक ओर जगत् को ग्रसित करने के लिए उत्सुक क्रोध से लाल दयारहित होठो को डँसती हुई कदाग्रहवती साक्षात् हिंसाराक्षसी और दूसरी ओर सुदर्शन की तीन लोक मे मैत्री सूचित करती हुई प्रेममयी विकस्वर आखो से महान आकर्षण बिखेरने वाली जगत् विजयिनी परम पवित्र साकार अहिंसादेवी। इधर उछलती हुई हिंसा राक्षसी दया देवी पर अपना स्वतन्त्र अधिकार जमाना चाहती है उधर करुणामयी दया-देवी क्रूर-हिंसा को समूल नष्ट करना चाहती है।

इन दोनो मे कौन विजयिनी बनेगी और कौन पराभूत होगी इस प्रकार दुर्ग पर खड़े लोग सदेह कर रहे थे। या पुष्करावर्त मेघ के सामने दावानल कहाँ तक अपना बल दिखलाए ? देव-योग्य सुधा के आगे कब तक विष का प्रभाव टिक सके ? अहिंसा-देवी के सामने अपना पराक्रम टिकता न देखकर निर्दयता-दानवी किंकर्तव्य विमूढा हो गई।

अपनी पूरी शारीरिक और मानसिक शक्ति से गदा-प्रहार करने की चेष्टा करते हुए भी अर्जुन की गदा तार-मात्र भी नीचे नही आ सकी। किन्तु व्यायाम करने वाले की ज्यो ऊँची उठाई गई वह गदा उसके हाथो मे ऊपर ही बनी रही। अत्यन्त विस्मित व खिन्न होता हुआ अर्जुन तब मन मे सोचने लगा- "यह क्या बात है? यह क्या घटना घटी है? क्यो मेरा प्रयत्न व्यर्थ हो रहा है? यह पहला ही अवसर है कि मेरा प्रयास विपरीत हो रहा है। हाय! हाय! हरदम मेरी सहायता करने वाला यह मुद्गर क्यो आज मेरे साथ शत्रु का-सा व्यवहार कर रहा है? क्या यह पाच मास तेरह दिनो मे ११४१ व्यक्तियो को मारता-मारता उद्विग्न हो गया? या इसकी रक्त-पिपासा शान्त हो गई? अथवा यह मुद्गर दयार्द्र हृदय हो गया? अरे मुद्गर! लम्बे समय तक मेरे साथ मैत्री रखता हुआ आज क्यो विपरीत आचरण कर रहा है? मेरा तुझ पर पूर्ण विश्वास है। तू ही अगर विश्वासघात करेगा तो मैं किसकी शरण लूँगा? महान व्यक्ति आरब्ध कार्य मे कदापि विश्राम नही चाहते। अरे! मैं समझ गया, प्राय डरपोक को ही सब डराते है। निर्भय से सब डरते हैं। अरे! 'देवो दुर्बलघातक' यह किंवदती भी आज पूरी तरह चरितार्थ हो चुकी।"

"मुद्गर! तू भी निभय वीराग्रणी पुरुषसिंह को सामने देख चचलता छोड कर स्थिरता धारण कर रहा है? क्यो नही प्रतिदिन किया जाने वाला काय सम्पन्न करता है?"—क्रोध और अभिमान-मिश्रित अनेक विकल्प करते अर्जुन ने बार-बार पूरी ताकत से मुद्गर को नीचे करने का प्रयत्न किया, किन्तु दरिद्र की कल्पना की ज्यो उसकी सारी चेष्टाएँ निष्फल हो गई।

इधर वैराग्य सरोवर मे डुबकी लगाता हुआ, महावीर देव के चरणकमलो मे भ्रमर के समान रमण करने वाला, मृत्यु से भी न डरने वाला योगीराज की ज्यों दृढता धारण करता सुदर्शन क्षणानन्तर सोचने लगा—'ओह! क्यो न अभी तक आततायी अर्जुन ने मेरे वध का पाप सचित किया? हिंसक व्यक्ति ने इतनी देरी कैसे की? क्योकि हिंसक जन सहसा-प्रवृत्ति वाले होते हैं।' ऐसा चिंतन करते हुए सुदर्शन ने कृपा-पवित्र आखें खोली और गदा उठाए हुए अर्जुन को देखा। अहिंसा-प्रतिष्ठित सेठ का दृष्टिपात होते ही हिंसा पक्षग्राही यक्ष कापने लगा और उसी क्षण अर्जुन के शरीर को छोडकर पलायन कर गया। सूर्य का उदय होने पर कैसे अंधकार अपना अस्तित्व टिकाए रख सकता है? मूसलधार मेघ के बरसते कहाँ तक उष्णता ठहर सकती है? या पक्षिराज गरुड के आने पर कहाँ तक साप फटाटोप दिखला सकता है? मुँह

छिपाकर हिंसा राक्षसी भाग गई। अहिंसा देवी के विजय घोष से सब दिशाएं गूंज उठीं।

यक्षावेश के दूर होते ही अर्जुन मूर्छा रोगी की भांति तत्काल जमीन पर पड़ा। पर-पीड़ा देने वालों का निश्चित ही पतन होता है मानो यही आवेदन करता हुआ रक्त-रंजित मुद्गर भी एक तरफ गिर गया। अथवा क्षमा (पृथ्वी) ही मुझे क्षमा देगी ऐसा विचार कर उसने क्षमा की शरण स्वीकार की।

उपसर्ग दूर होने पर जिसकी प्रतिज्ञापूर्ण हो चुकी ऐसा सुदर्शन अर्जुन को यक्षावेश रहित मूलस्वभाव मे आया जानकर बन्धुत्व भरी वाणी से कहने लगा— हे भद्र ! भूमि पर लोटता हुआ क्या विचार कर रहा है ? उठ देख तेरे सामने तेरा स्वजन खड़ा है। अर्जुन ! क्रोध को छोड़। क्षमा का आदर कर। भाई ! तूने यक्षावेश के अधीन होकर बहुत दुष्कर्म किया है और काजल के समान काला अपयश संचित किया है। सुदर्शन के ऐसे वचनामृत से सिक्त और कुछ सावचेत होता हुआ अर्जुन सोचने लगा—मैं कौन हूं ? मै कहां का हूं ? मैं कहां आ गया हूं ? मेरा काम क्या है ? यहां क्यो पड़ा हुआ हूं ? धीरे धीरे मदिरा का नशा उतरने पर जैसे मद्यप मनुष्य सोचता है, वैसे अपना नाम कार्यादि स्मृति मे लाने लगा। छ पुरुषों तथा बन्धुमती की हत्या और प्रतिदिन किया जाने वाला सात व्यक्तियो का वध उसे याद आया। वह सहम-सा गया।

निश्चय ही यह कोई नर-श्रेष्ठ है जो मधु के समान मधुर वाणी से मुझे पुकार रहा है। इस महामानव की कृपा से ही मेरे शरीर से यक्षावेश दूर हुआ है। इस मनस्वी को प्रणाम करूं इसका मंगलकारी नामादि पूछूं और यहां आने का कारण भी जानूं ! इस प्रकार विचार कर अगड़ाई लेता उठा और श्रेष्ठी को प्रणाम करता हुआ सरलता से हाथ जोड़ कर पूछने लगा— आप कहां के रहने वाले है ? आपके नाम को किन शुभाक्षरो ने पवित्र किया है ? यहां क्यो पधारे है ? आगे कहां जा रहे हैं ?

मृदुतापूर्ण वाणी से सेठ ने प्रत्युत्तर दिया—'भाई जहां तेरा निवास है वही मेरा है। लोग मुझ सुदर्शन के नाम से पुकारते है। भगवान् के दर्शनार्थ मैं जा रहा हूं। रास्ते मे तेरी हिंसावृत्ति को जानकर मैं प्रभु के ध्यान मे लीन हो गया। उनकी अवर्णनीय अहिंसा से सारे अरिष्ट नष्ट हो गए और तू भी स्वाभाविक दशा मे आ गया।

सुदर्शन की सरलता भरी वाणी सुनकर माली ने सोचा—ओह् भव्य भक्ति-रक्त भगवद्-भक्तो मे भी ऐसी लोकोत्तर शक्ति विद्यमान है कि इनके सामने हिंसा-तत्पर महाक्रूरकर्मा यक्ष भी भय से भाग गया ! फिर त्रिलोक-पूजित अतिशयधारी भगवान का तो कहना ही क्या ? अफसोस ! इतना समय मैंने यक्ष की सेवा मे गँवाया। यदि मैं इतना समय वर्द्धमान प्रभु की सेवा मे लगाता, तो न जाने कितनी सफलता प्राप्त कर लेता। खैर, अब इन बातो से क्या लाभ ? वर्तमान का ही अनुगमन करना चाहिए'—ऐसा विचार कर कष्ट भरी वाणी से सुदर्शन से कहने लगा—'हे श्रेष्ठिवर ! मुझ पर अनुग्रह करके बताइए कि वे पतितोद्धारक महामहिम महात्मा महावीर भगवान कौन है, जिनके दर्शन की इच्छा के कारण आप मृत्यु-आतक से भी शकित नही हुए और मेरे जैसे पशुवृत्ति वाले को भी मानवता दिखला सके ? मैं भी उनका नयनामृत दर्शन चाहता हूँ।'

'सुहृद्वर ! मद बुद्धि वाला मैं अपने निन्दनीय आचरणों को कैसे व्यक्त करूँ। हाय ! हाय ! मुद्गरपाणियक्ष के आवेश से ११४१ व्यक्तियो को मार कर मैंने घन-घटा से भी काला, लोहे के घन से भी अधिक निकाचित, वज्र से भी कठोर, महारण्य से भी निबिड, विष से भी कटुक और नारक द्वारा भी दुर्भोग्य पाप का सचय किया है। हाय ! हाय ! नगरवासी मुझ पर क्रोध करते हैं, द्रोह करते हैं, मेरा नाम सुनकर ही भयभीत होते है, दुराशीष देते हुए मेरी भर्त्सना कर रहे है, और रोष-रक्त नेत्रो से मुझे देखते हैं। धिक्कार है, मुझे धिक्कार है। ओह ! मुझ महापापी ने तनिक भी नही सोचा कि छ नराधमो के अपराध से नागरिको ,का क्या अपराध है ? हाय, न जाने कितने पूज्य वृद्धजनो, भविष्योज्ज्वल कितने दुधमुहे बच्चो, कार्य-भार वहन करने वाले कितने युवको और मा की तरह पूज्य कितनी अबलाओ को क्रोध के वश होकर मैंने यमराज की भेंट चढा दिया। अथवा रागद्वेष-युक्त देवो की सेवा से सेवकगण भी क्यो न राग-रोषाकुल हो ? कारण के अनुरूप ही कार्य होता है, इसमे कोई विचित्रता नही। वीतराग की सेवा करने वाले सर्वत्र समदर्शी, निमलाचारी आप समस्त नागरिको द्वारा बधु की तरह देखे जाते हैं, और प्रेमपूर्ण दृष्टि से सत्कृत किये जाते है। इसमे आश्चर्य ही क्या है ? आपने करुणामय उपदेशामृत का सदा पान किया है, कायरता को हटाने वाली, वीरता को बढाने वाली, प्रभु की मुद्रा को ही देखा है और सर्वत्र समता से अनुप्राणित निर्वैरशिक्षा को ही सुना है।

अस्तु, हे परोपकारपरायण ! मुझे भी वीर भगवान् के पास ले चलिए और अधर्मी का उद्धार करने वाली उनकी मुद्रा मुझे भी दिखलाइए, उनका

उपदेशामृत मुझे भी पिलाइए। मुणीशेखर! मैं नहीं मानता कि आप भगवान् के दर्शन निमित्त इधर आए। मेरा विश्वास है कि मुझे प्रतिबोध देने के लिए ही आप इधर आए हैं।

हे गुणज्ञ। सुरासुरों के आवागमन से संकुल साधु-समूह के विराजने से देदीप्यमान अनेक प्रकार की कठोर तपस्या करने वाले तपस्वियों से आलोकित परम मुदित प्रलम्बित बाहु ध्यान-मुद्रा में स्थित मुनियों से विशुद्ध वातावरण वाला त्रिलोकी पति द्वारा पवित्रित उस अद्भुत स्थल में तुम्हारे पीछे ही मैं प्रवेश पा सकूंगा अन्यथा मेरे जैसे हत्यारे को कौन वहाँ घुसने देगा? आपके सहयोग से मेरा भी कल्याण हो जाएगा। नीचे जमीन में पड़ा हुआ भी पानी रस्सी वाले घड़े के सहारे ऊंची गति पाता है। पावन गुरु चरण-कमल से स्पृष्ट धूल भी मनुष्यों के मस्तक में स्थान पाती है अतः अब आप अग्रगामी बनें और मैं आपका अनुगामी बनता हूँ।

उसकी आर्य महावीर के दर्शन की अत्यधिक अभिलाषा देखकर अमृत का सिंचन करता और फूलों को बरसाता हुआ मानो सुदर्शन बोला—हे भद्र! विलम्ब का क्या काम है? वहाँ जाते हुए तुम्हें कौन रोक सकता है? परोपकार-परायण भगवान् महावीर का द्वार दिन रात सब प्राणियों के लिए खुला रहता है। वहाँ जाने के लिए धनी निर्धन राजा रंक ज्ञानी-अज्ञानी धार्मिक-अधार्मिक कुलीन और अकुलीन देवता और तिर्यंच सभी समान अधिकारी है। भाई! अपने किये हुए बुरे कर्मों को याद करके क्यों खेद करता है? वहाँ दुःसाध्य रोगों का भी प्रतीकार सम्भव है। हे देवानुप्रिय! भूलें तो प्राणी करता ही है, इसमें कोई नई बात नहीं पर श्रेष्ठ तो यह है कि दोष दोष रूप में ज्ञात हो जाए और मन से उनका निराकरण करने की चेष्टा की जाए। अच्छा तो आओ अपन दोनों वहाँ चलें।

इस प्रकार वे परस्पर वार्तालाप करते हुए दोनों उस दिशा में चल पड़े।

छट्ठा समुच्छ्वास

महात्माओं का प्रभाव अचिन्तनीय होता है ।

—सिद्धसेन दिवाकर

"भगवन् ! अनतचतुष्टय मे आप अनतबली कहे जाते हैं। आपका गौरव वर्णनातीत है । आपके ध्यान मे एकतान हुए योगीजन न भूख से पीडित होते हैं, न तृषा से व्याकुल ! न शीत से कम्पित होते हैं और न ताप से त्रस्त। वे घोर तपस्या आचरते हुए परमानन्द का सुखास्वाद करते हैं । हे त्रिजगत्-पति ! *आप के साथ तन्मयता साधने वाले प्राणी शीघ्र ही आपकी दुष्प्राप्य* समकक्षता पा जाते है । अन्य देवो से विलक्षण आपका यह उत्कृष्ट सौजन्य है। हे सर्वदर्शिन् ! आज हमारे कलेजे का टुकडा, अत्यन्त प्यारा पुत्र सुदर्शन आपके दर्शन के निमित्त गया है । हे परमेष्ठिन् । घातक अर्जुन के डर से डरे हुए हमने वहा जाने के लिए उसे बहुत मना किया, परन्तु वह तो आप पर पूर्ण श्रद्धा रखता हुआ, हमारे कहने पर मृत्यु की भी परवाह न कर, नि शक आपकी ओर रवाना हो गया। हे देव ! क्या हम दोनो उसका मुख-कमल फिर देख पायेंगे ? क्या उसका विनय-विनम्र मस्तक हमारे चरणो का स्पर्श करेगा ? क्या हम दोनो का दाहिना हाथ उसके स्निग्ध-केश-विलसित मस्तक पर फिर टिकेगा ? और क्या सुधावर्षिणी जल-सी सरल उसके मुख की वाणी हम फिर से सुनेंगे ? आपके चरणो की कृपा से पुत्र का सर्वथा मगल ही होगा, फिर भी भगवन् ! प्रेम-पूर्ण हृदय स्थिर नही हो पाता ।"—इस तरह भक्ति और मोह से मिश्रित नाना कल्पनाएँ करते हुए, सुदर्शन की पुन-पुन स्मृति करके आसुओ से तालाब-सा भरते हुए, प्रतिक्षण आगन्तुक व्यक्तियों से उसका वृतान्त उत्सुकता से पूछते हुए, और नाना विचार-धाराओ से क्षण मे शोक और क्षण मे हर्ष प्रकट करते हुए सुदर्शन के माता-पिता घर मे बेचैनी से समय व्यतीत करने लगे ।

उसी क्षण महानदकारी सदेश से अभिनन्दित परम-प्रसन्न हृदय वाले कुछ

नगरवासी लोगो के मुंह से उठी मगलमयी ऊची ध्वनि माता पिता के कानो मे पडी— शुभ है शुभ है ! मगल है मगल है ! कल्याण है कल्याण है। भद्र है भद्र है ! हट गया टल गया नगर का उपद्रव ! नगर पर छाई हुई विपत्ति रूपी घन घटा वीर-दर्शन एव भक्ति रूप प्रतिकूल पवन से प्रेरित होकर छिन भिन्न हो गई। जिस उपसर्ग को चतुरगिनी सेना से सम्पन्न श्रीमान् श्रेणिक महाराज भी शान्त नही कर सके उसे प्रभु के एक दर्शनोत्सुक वीर भक्त ने बिना शस्त्र बिना दूसरे के सहारे और बिना सघर्ष ही उपशान्त कर दिया। वस्तुत उसने जगत् के सामने अहिंसा का साकार चित्र प्रस्तुत कर दिया। अनेक जनो द्वारा अत्यन्त हर्ष के साथ जोर-जोर से बार-बार इस प्रकार कहे हुए शब्दो को सुनकर मानो कानो मे आश्चर्य पैदा हो गया हो एसे सुदर्शन के माता पिता— यह क्या ? कहा से कसी यह ध्वनि सुनाई पड रही है ? सुदशन का नाम बार बार कानो मे सुनाई दे रहा है। यो कहते हुए घर से एक-दम बाहर आकर पूछने लगे।

हे भद्र महोदयो ! आज नगर मे क्या अद्भुत घटना घटी है जिससे लोगो मे इतना कोलाहल सुनाई दे रहा है ?

किसी आगन्तुक ने कहा— क्या अभी तक आप को पता ही नही ? आपके कुल-सूर्य ने अद्भुत काय कर दिखाया है।

पिता बोले—नही नही हे भद्र ! शीघ्र कर्णामृत पिलाओ !

आगन्तुक बोला—ओह ! जो असाध्य प्रतीत हो रहा था उसे भी आपके पुत्र न सुख साध्य बना दिया।

हष परवश पिता-माता ने कहा—विस्तार से कहो भाई ! जिससे हम भी जान सक।

इतने मे दुर्ग पर रहे हुए अनेक लोग दौडते हुए सुदर्शन के घर मे घुसे। सुदर्शन की विजय हो सुदशन की विजय हो ऐसे बार बार नारे लगा कर पिता के वस्त्र खीच कर बधाई मागने लगे और प्रमोद भरी वाणी से कहने लगे— सुन लिया आपने पुत्र रत्न का अलौकिक काय ? क्या आप ने आज की घटना जान ली ?

अत्यन्त प्रसन्न हो कर माता पिता बोले—नही पूरी नही सुनी।

आगन्तुक जन—तो अथ से पूव वतान्त ध्यान-पूर्वक सुनिये।

माता-पिता उत्सुक होकर—सुनाओ विस्तार से सारी घटना शीघ्र सुनाओ।

पडौसी भी उत्सुकता से सुदर्शन के भवन में एकत्र हो गए और घटित नूतन वृत्तान्त सुनने को सभी ने मौन धारण किया।

उन वृत्तान्त ज्ञाताओं में से एक वाक्पटु बोला—भगवान् के दर्शन को जाते हुए सुदर्शन के साथ हम लोग भी कौतुक देखने के लिए नगर-प्राकार तक गए।

पिता—अच्छा ! हां, आगे कहिये।

हम लोग वहीं ठहर गये। आपका वीराग्रणी पुत्र आगे चला।

बीच में ही माता ने पूछा—अरे भाइयो ! उस वक्त मेरे बेटे के मुँह पर कोई भय का चिन्ह तो नहीं था ?

वक्ता—क्या पूछती हो ? कायरों को वहां जाने का कहां साहस ? वह तो यहीं पड़े-मरते हैं।

माता—ठीक-ठीक, आगे बताइए।

वक्ता—उसे निःशंक आते देख कर वह पापी अर्जुन मुद्गर उठाकर सामने दौड़ा।

रोमांचित होती हुई माता ने पूछा—तब मेरे पुत्र ने क्या किया ?

वक्ता—उसी समय उसने भगवान् का ध्यान शुरू कर दिया।

पास में बैठे हुए सभी—ओह, ऐसे समय भगवान् का ध्यान ? धन्य है, उस नरपुंगव को, धन्य है उसकी माता को और सबसे अधिक धन्य है उसके धैर्य को।

गद्गद् बनती माता ने कहा—फिर क्या हुआ ? क्या हुआ ?

वक्ता—भगवान् के प्रभाव से वह मुद्गर को नीचा ही नहीं कर सका।

माता—ऐसा ?

पास में बैठे सभी—धन्य है ! भगवान् का प्रभाव ? इसीलिये लोग प्रतिदिन सभक्ति आराधना करते है।

पिता—उसके बाद क्या घटना हुई ?

वक्ता—मुद्गर सहित वह जमीन पर गिर पड़ा।

माता—वह जमीन पर गिर पड़ा ? मुझे नहीं मालूम था कि मेरे पुत्र में ऐसी अवर्णनीय शक्ति विद्यमान है। अच्छा फिर क्या हुआ ?

वक्ता—यह तो नहीं मालूम कि उन दोनों में क्या वार्तालाप हुआ, मगर अर्जुन को साथ लिये, आपका पुत्र भगवान् की तरफ रवाना हो गया। यह

देखकर ही हम सब अत्यन्त हर्षित हुए और इस वृत्तान्त को प्रकट करने के लिए तत्काल नगर मे आये।

इस प्रकार पुत्र की कुशल-वार्ता सुनकर माता पिता परम आनन्दित हुए। धन्यवाद देकर उन लोगो को विदा किया। भगवान् व पुत्र को साक्षात् करने की अभिलाषा से उत्तम धार्मिक रथ तैयार करने की आज्ञा दी। मेघ-गर्जना की भांति यह बात सारे शहर मे फैल गई। सारे विज्ञजनो के मन रूप-चौराहे पर सुदर्शन की कीर्ति रूप नर्तकी नाचने लगी। राजा ने भी नगर के निरापद होने का वृत्तान्त जाना। तभी शहर मे यह उद्घोषणा करवाई कि अब से किसी भी दिशा मे लोग इच्छानुसार जा सकते है अब अर्जुन का कोई भय नही रहा।

इधर सुदर्शन तीर्थनाथ के विविध और यथार्थ गुणग्राम से अर्जुन को तृप्त करता हुआ महापुरुषो के लोकोत्तर चरित्रो का वर्णन सुनाता हुआ और क्षमाशूरो की क्षमाशीलता को बताता हुआ भगवान् के समीप जा पहुंचा।

उदयाचल पर स्थित सूर्य-मण्डल के समान पादपीठ सहित सिंहासन पर विराजमान शोकरहित व्यक्तियो के द्वारा यह आश्चर्यणीय है मानो ऐसा आवेदन करती हुई सदा प्रोत्फुल्ल अशोक वृक्ष की छाया मे सुशोभित तीनो लोको मे ऐसा पारमैश्वर्य अन्यत्र कही नही है ऐसा प्रगट करते तीन छत्रो से गौरव युक्त यहाँ किंचित भी अज्ञान अन्धकार का प्रसार नही है ऐसा जताते हुए विभाजाल से भासुर भामण्डल से चतुर्दिक् देदीप्यमान मानो कर्म-रूपी रज को हटा रहे हो ऐसे चमकते हुए चचल चामरो से वीज्यमान मुखारविन्द वाले आन्तरमल के साथ बाह्यमल से रहित अस्नानव्रत वाले भी स्नातानुलिप्त की भांति कमनीय कान्ति से युक्त प्रखर तेज होते हुए भी किसी को ताप न देने वाले चन्द्र की तरह शीतल होते हुए भी कलकरहित शैलेशी अवस्था के समीप जाते हुए भी जड़तारहित त्रिलोकविभुता प्राप्त होने पर भी अपरिग्रही पद्मा—लक्ष्मी का आसन छोडकर भी पद्मासन से अवस्थित भस्म या अक्षमाला आदि न रखते हुए भी परमयोगीराज समस्त विश्व-नाटक को करामलकवत् देखते हुए भी अविस्मयापन्न शान्तिमय ज्ञानमय तेजोमय प्रश्न करते हुए गौतमादि गणधरो द्वारा पर्युपासित कल्पनाओं द्वारा अकल्पनीय वर्णनो से अवर्णनीय वचना से अनिर्वचनीय साक्षात्कार द्वारा ही मननीय और दूसरो से अनुपमेय असाधारण तीर्थंकर महावीर को सुदर्शन ने देखा।

स्याद्वादवादी जिनेश्वर का दर्शन होते ही सुदर्शन और अर्जुन का शरीर

स्वामी भगवान् महावीर ने कहा— देवानुप्रिय अर्जुन ! धैर्य रख विश्वास कर मैं तुझे शान्ति का पथ बतलाऊंगा।

कुसंस्कारों के अधीन आत्मा से प्रायः ऐसे अनार्य कार्य हो ही जाते हैं उन्हें छेदने के अनेक उपाय भी चिरकाल से विद्यमान हैं। बोल क्या जानना चाहता है ?

इतने में अनेक विस्मितमानस प्रसन्नमुख एक एक से आगे बढ़ते हुए नागरिकों से भगवान् का प्रवचन स्थल भर गया। उनके सामने हाथ जोड़कर बालक की तरह सरलता से अर्जुन सविनय पूछने लगा—

भगवन् ! दुःखों के कारण क्या हैं ? उन कारणों का प्रादुर्भाव कहाँ से है ? और उनका सम्पूर्ण नाश कैसे होता है ? हे त्रिकालज्ञ ! आत्मा क्यों पाप का उपचय करती है ? यहाँ कैसी वृत्ति सहायता करती है और उन पापों से छुटकारा कैसे होता है ? यही मैं जानना चाहता हूं कृपालु ! कृपा कीजिए।

अल्पाक्षर वाला भी बहुत सारगर्भित बाह्य वचनवर्गणाजन्य होता हुआ भी हृदयस्पर्शी विविध भावभंगीयुक्त होता हुआ भी संशय रहित जल की तरह कोमल होता हुआ भी मिथ्यात्वरूपी विशाल पर्वत का भेदन करने में समर्थ तात्पर्य से विलक्षण होता हुआ भी कारकादिलक्षण-युक्त साधारण जनवेद्य होता हुआ भी गूढ रहस्य वाला सरस सुबोध और सुमधुरवाणी से भगवान् ने उत्तर फरमाया— 'वास्तव में देखा जाय तो यह संसार दुःखों से परिपूर्ण है। इसमें जन्म जरा मरण आदि अनेक कष्ट स्पष्ट हैं। भौतिक सुख परिणाम में विरस होने के कारण सुखाभास मात्र हैं। प्रतिक्षण संसारी जीव दुःख-दावाग्नि से जल रहे हैं। नाना प्रकार की आधि-व्याधिपूर्ण कष्ट-परम्परा सह रहे हैं।

दुःख का मुख्य कारण तृष्णा है। निदानभेद से तृष्णा भी नाना प्रकार की बतलाई गई है। जैसे अनेक लोग धन की कामना करते हैं कोई काम भोग के अभिलाषी हैं कोई पुत्रादि परिवार चाहते हैं, कोई ऐश्वर्य चाहते हैं कुछ लोग यश के भूखे हैं कुछ सम्मान की खोज में रहते हैं और कोई स्वास्थ्य के प्रार्थी हैं। अधिक क्या कहूं नाना प्रकार की वस्तुओं की लालसा के कारण तृष्णा भी नाना प्रकार से लोगों को सताती है घुमाती है, खिन्न करती है पीड़ा देती है चिन्ता करवाती है और मारती है। यह सर्वभक्षी तृष्णा राक्षसी कहीं भी तृप्त नहीं होती। लाभ होने पर फिर और लाभ की इच्छा से यह बढ़ती है ज्ञानवानों को भी अज्ञान के गड्ढे में गिराती है विरागियों को भी भव रंगमंच पर नचाती है। अत्रस्तों को त्रस्त बनाती है, अविनष्टों को नष्ट एवं दृढव्रतियों को व्रतभ्रष्ट कर देती है और शुभ संकल्पों से च्युत करती हुई धैर्यधुरन्धरों को

ध्वस्त कर देती है। जगत् मे जितने अनर्थ होते है वे प्राय सभी तृष्णा के परिणाम हैं। महापुरुषो के प्राणो की आहुति लेने वाले जितने महासग्राम होते है वे भी प्राय सभी तृष्णा की तुष्टि के लिए ही। न्यायविरुद्ध जितने ही विवाद उठते हैं, वे भी अपने मनोरथ की पूर्ति के लिए ही। धर्म के नाम पर भी जितने उपद्रव बार-बार होते है वहाँ भी स्वार्थान्धता कारणभूत हैं। अस्तु तृष्णा ही दुख की जड है। तृष्णा-रूपी मृगी जिनके चित्त रूपी पहाड को छोड कर भाग निकली उन्हे सर्वत्र आनन्द ही आनन्द है। उदासीन वृत्ति से, सुख से रहने वालो के लिए पग-पग पर निधान है। उन माध्यस्थ दृष्टि वालो के लिए सवत्र ब्रह्मसाक्षात्कार है। वे मान अपमान मे, हर्ष-शोक मे, सुख-दुख मे और जीवन-मरण मे समता भाव रखते है। अनासक्त भाव मे रमण करने वाले वे पुरुष जीते हुए भी यही किंचित् सिद्धि-सुख का अनुभव करते हैं। तृष्णा की उत्पत्ति तो पूर्वजनित कर्म सस्कार से होती है। सम्यग्ज्ञान मे ही तृष्णा का समूल नाश होता है। जैसे-जैसे तृष्णा बढ़ेगी वैसे-वैसे प्राणी के पाप की भी अवश्य वृद्धि होगी। पाप बढने से आठ मिट्टी के लेप वाली तुम्बी की तरह प्राणी नीचे-नीचे जाता है, आस्रव वहाँ सहायक बनता है और स्वभाव से ऊर्ध्वगमनशील आत्मा को भव रूप गड्ढे मे गिरा देता है। पुण्य-पाप-जनित सुख-दुख सदा अनुभव करता प्राणी कुभकार के चाक की ज्यो चौरासी लाख जीव-योनियो मे चक्कर खाता रहता है। जब सवर द्वारा आने वाले कर्मों को रोक कर, बाँधे हुए कर्मों को निर्जरा से जर्जरीभूत बना कर समस्त पुण्य-पापमय कर्मो का निरन्वय नाश करता है, तब क्षण भर मे अग्निशिखा की भाति या एरण्डबीज की तरह स्वभाव से ऊर्ध्व-गमन करके, बन्धनो से मुक्त होकर तथा सब दुखो का क्षय करके मोक्ष प्राप्त करता है। मुक्तदशा मे आत्मा अजर, अमर, अक्षय, अव्याबाध आध्यात्मिक सुख को सादि अनन्त रूप से प्राप्त करता है और लोक के ऊर्ध्वभाग मे स्थित शाश्वत सिद्ध हो जाता है।

o———o

देखकर ही हम सब अत्यन्त हर्षित हुए और इस वृत्तान्त को प्रकट करने के लिए तत्काल नगर मे आये ।

इस प्रकार पुत्र की कुशल-वार्ता सुनकर माता पिता परम आनन्दित हुए। धन्यवाद देकर उन लोगो को विदा किया । भगवान् व पुत्र को साक्षात् करने की अभिलाषा स उत्तम धार्मिक रथ तैयार करने की आज्ञा दी । मेघ-गर्जना की भाति यह बात सारे शहर मे फल गई । सारे विज्ञजनो के मन रूप-चौराह पर सुदर्शन की कीर्ति रूप नर्तकी नाचने लगी । राजा ने भी नगर के निरापद होन का वृत्तान्त जाना । तभी शहर मे यह उद्घोषणा करवाई कि अब से किसी भी दिशा मे लोग इच्छानुसार जा सकते है अब अर्जुन का कोई भय नही रहा ।

इधर सुदर्शन तीर्थनाथ के विविध और यथार्थ गुणग्राम से अर्जुन को तृप्त करता हुआ महापुरुषो क लोकोत्तर चरित्रो का वर्णन सुनाता हुआ और क्षमाशूरो की क्षमाशीलता को बताता हुआ भगवान् के समीप जा पहुँचा ।

उदयाचल पर स्थित सूर्य मण्डल के समान पादपीठ सहित सिंहासन पर विराजमान शोकरहित व्यक्तियो के द्वारा यह आश्चर्यणीय है मानो ऐसा आवेदन करती हुई सदा प्रोत्फुल्ल अशोक वृक्ष की छाया मे सुशोभित तीनो लोको मे ऐसा पारमैश्वय अन्यत्र कही नही है ऐसा प्रगट करते तीन छत्रो से गौरव युक्त यहा किंचित भी अज्ञान अन्धकार का प्रसार नही है ऐसा जताते हुए विभाजाल से भासुर भामण्डल से चतुर्दिक देदीप्यमान मानो कर्म रूपी रज को हटा रहे हो ऐसे चमकते हुए धवल चामरो से धीयमान मुखारविन्द वाले आन्तरमल के साथ बाह्यमल से रहित अस्नानव्रत वाले भी स्नातानुलिप्त की भाँति कमनीय कान्ति से युक्त प्रखर तेज होते हुए भी किसी को ताप न देने वाले चन्द्र की तरह शीतल होते हुए भी कलकरहित शलेशी अवस्था के समीप जाते हुए भी जडतारहित त्रिलोकविभुता प्राप्त होने पर भी अपरिग्रही पद्मा—लक्ष्मी का आसन छोडकर भी पद्मासन से अवस्थित भस्म या अक्षमाला आदि न रखते हुए भी परमयोगीराज समस्त विश्व नाटक को करामलकवत् देखते हुए भी अविस्मयापन्न शान्तिमय ज्ञानमय तेजोमय प्रश्न करते हुए गौतमादि गणधरो द्वारा पर्यु पासित कल्पनाओ द्वारा अकल्पनीय वर्णना से अवर्णनीय वचनो से अनिर्वचनीय साक्षात्कार द्वारा ही मननीय और दूसरो से अनुपमेय असाधारण तीर्थकर महावीर को सुदर्शन ने देखा ।

स्याद्वादवादी जिनेश्वर का दर्शन होते ही सुदर्शन और अर्जुन का शरीर

रोमांचित हो गया। सहज आनन्द का समुद्र उछाल खाने लगा। उनके हृदय कमल प्रफुल्लित हो गये। मन, वचन, काया के योग सद्भावना से भावित हो गये। सारे वैमनस्य विस्मृत हो गये। चारों तरफ विशुद्ध वैराग्य की स्थिति प्रस्फुरित होने लगी। समस्त मानसिक व्यथाएँ मन्द हो चली और उन्हें सारा ही संसार प्रभु-मय दिखाई दिया। उसी क्षण सुदर्शन ने पाच अभिगमन करके यथास्थान जाकर, तीन बार विधिवत् प्रदक्षिणा देकर, सविनय नमस्कार कर, 'कल्याण मंगल' आदि शब्दों द्वारा स्तुति कर, सुख प्रश्न पूछ कर और भक्ति-पूर्वक हाथ जोड़कर इस प्रकार स्तुति की—"हे नाथ! चतुर्गति वाले चराचर विश्व में चक्कर काटने वाले प्राणियों के लिए आप ही शरण है, अनाथों के योग क्षेमकर्त्ता नाथ आप ही हैं। अधमोद्धारक का बिरुद आप ही वहन करते हैं। हे करुणाकर! आपकी शरण से दुर्जन सज्जन, पापिष्ठ धार्मिक और अज्ञानी ज्ञानी बन जाते हैं। मिथ्यात्वी सम्यग्दृष्टि तथा नास्तिक आस्तिकता पा जाते हैं। हे त्रिकालज्ञ! हम जो शुभाशुभ आचरण करते हैं, आपसे किंचित् भी छुपा नहीं है। हमारे मन में उत्पन्न होने वाले संकल्प विकल्प आप में स्फटिक की भांति प्रतिभासित होते हैं। हमारे इन्द्रिय-समूह का उत्पथगमन आपसे अज्ञात नहीं है। प्रभो! ऐसा कोई मार्ग बतलाइए जिससे इन्द्रिय और मन काबू में आ सकें। हे तीर्थप्रवर्तक! मेरे साथ जो अर्जुन मालाकार आया है, वह कुदेव की उपासना करने वाला असम्यक्दृष्टि है। हे कृपालो! यह हिंसा आदि आस्रवों से अनभिज्ञ है। कुदेवसेवी होने के कारण रोष के वशीभूत होकर इसने घोर पाप बांधा है। पांच महीने तेरह दिनों तक प्रतिदिन एक स्त्री और छह पुरुषों को इसने निःसंकोच होकर जान से मारा है। हे करुणा-मूर्ति! आपके अतिशय से इसके हृदय में करुणा जागृत हुई है। अपने किये हुए भयानक पाप से अब यह कांप रहा है और उन्हें याद कर-कर के बड़ी ग्लानि अनुभव करता है। निन्दनीय आचरण का प्रायश्चित्त भी करना चाहता है। हे भवरोगों के सफल चिकित्सक! जीवन की आशा छोड़ने वाले इस मृत-प्राय को धरातल पर एक मात्र आप ही जीवन देने वाले हैं। हे देव! इसलिये दृढ संकल्प व दृढ निश्चय कर आपके ही शरण-योग्य समझकर यह मेरे साथ आया है। हे पतितोद्धारक! मैं प्रार्थना करता हूँ कि इस अत्राण को त्राण दो, इस असहाय की सहायता करो और निराश्रय को अपने चरण-कमल में आश्रय दो।"

इस तरह सुदर्शन की विनयपूर्ण, यथार्थ एवं आत्महितकारी विज्ञप्ति सुनकर वर्षाकालीन मेघ के गर्जारव के समान, नाना भाषा परिणमन-स्वभाव वाली, विविध सन्देह दूर करने में समर्थ, मनोहारिणी वाणी से मुनियों के

स्वामी भगवान महावीर ने कहा— देवानुप्रिय अर्जुन ! धैर्य रख विश्वास कर मैं तुझे शान्ति का पथ बतलाऊंगा।

कुसंस्कारों के अधीन आत्मा से प्रायः ऐसे अनार्य कार्य हो ही जाते हैं उन्हें छेदने के अनेक उपाय भी चिरकाल से विद्यमान हैं। बोल क्या जानना चाहता है ?

इतने में अनेक विस्मितमानस प्रसन्नमुख एक एक से आगे बढते हुए नागरिकों से भगवान का प्रवचन स्थल भर गया। उनके सामने हाथ जोडकर बालक की तरह सरलता से अर्जुन सविनय पूछने लगा—

भगवन् ! दुःखों के कारण क्या हैं ? उन कारणों का प्रादुर्भाव कहाँ से है ? और उनका सम्पूर्ण नाश कैसे होता है ? हे त्रिकालज्ञ ! आत्मा क्यों पाप का उपचय करती है ? वहाँ कैसी वृत्ति सहायता करती है और उन पापों से छुटकारा कैसे होता है ? यही मैं जानना चाहता हूं कृपालु ! कृपा कीजिए।

अल्पाक्षर वाला भी बहुत सारगर्भित बाह्य वचनवर्गणाजय होता हुआ भी हृदयस्पर्शी विविध भावभंगीयुक्त होता हुआ भी संशय रहित जल की तरह कोमल होता हुआ भी मिथ्यात्वरूपी विशाल पर्वत का भेदन करने में समर्थ तात्पर्य से विलक्षण होता हुआ भी कारकादिलक्षण-युक्त साधारण जनवद्य होता हुआ भी गूढ रहस्य वाला सरस सुबोध और सुमधुरवाणी से भगवान ने उत्तर फरमाया— "वास्तव में देखा जाय तो यह संसार दुःखों से परिपूर्ण है। इसमें जन्म जरा मरण आदि अनेक कष्ट स्पष्ट हैं। भौतिक सुख परिणाम में विरस होने के कारण सुखाभास मात्र हैं। प्रतिक्षण संसारी जीव दुःख-दावाग्नि से जल रहे हैं। नाना प्रकार की आधि-व्याधिपूर्ण कष्ट परम्परा सह रहे हैं।

दुःख का मुख्य कारण तृष्णा है। निदानभेद से तृष्णा भी नाना प्रकार की बतलाई गई है। जैसे अनेक लोग धन की कामना करते हैं कोई काम भोग के अभिलाषी हैं कोई पुत्रादि परिवार चाहते हैं कोई ऐश्वर्य चाहते हैं कुछ लोग यश के भूखे हैं कुछ सम्मान की खोज में रहते हैं और कोई स्वास्थ्य के प्रार्थी हैं। अधिक क्या कहूँ नाना प्रकार की वस्तुओं की लालसा के कारण तृष्णा भी नाना प्रकार से लोगों को सताती है घुमाती है खिन्न करती है पीडा देती है चिन्ता करवाती है और मारती है। यह सर्वभक्षी तृष्णा राक्षसी कहीं भी तृप्त नहीं होती। लाभ होने पर फिर और लाभ की इच्छा से मुँह फाडती है ज्ञानवानों को भी अज्ञान के गड्ढे में गिराती है विरागियों को भी भव रंगमंच पर नचाती है। अत्रस्तों को त्रस्त बनाती है धनिनष्टों को नष्ट एवं दृढव्रतियों को व्रतभ्रष्ट कर देती है और शुभ संकल्पों से च्युत करती हुई धैर्यधुरन्धरों को

ध्वस्त कर देती है। जगत् मे जितने अनर्थ होते हैं वे प्राय सभी तृष्णा के परिणाम हैं। महापुरुषों के प्राणों की आहुति लेने वाले जितने महासंग्राम होते हैं वे भी प्राय सभी तृष्णा की तुष्टि के लिए ही। न्यायविरुद्ध जितने ही विवाद उठते हैं, वे भी अपने मनोरथ की पूर्ति के लिए ही। धर्म के नाम पर भी जितने उपद्रव बार-बार होते है वहाँ भी स्वार्थान्धता कारणभूत है। अस्तु तृष्णा ही दुख की जड है। तृष्णा-रूपी मृगी जिनके चित्त रूपी पहाड को छोड कर भाग निकली उन्हे सर्वत्र आनन्द ही आनन्द है। उदासीन वृत्ति से, सुख से रहने वालो के लिए पग-पग पर निवान है। उन माध्यस्थ दृष्टि वालो के लिए सर्वत्र ब्रह्मसाक्षात्कार है। वे मान-अपमान मे, हर्ष-शोक मे, सुख-दुख मे और जीवन-मरण मे समता भाव रखते है। अनासक्त भाव मे रमण करने वाले वे पुरुप जीते हुए भी यही किंचित् सिद्धि-सुख का अनुभव करते हैं। तृष्णा की उत्पत्ति तो पूर्वजनित कर्म सस्कार से होती है। सम्यग्ज्ञान मे ही तृष्णा का समूल नाश होता है। जैसे-जैसे तृष्णा बढेगी वैसे-वैसे प्राणी के पाप की भी अवश्य वृद्धि होगी। पाप बढने से आठ मिट्टी के लेप वाली तुम्बी की तरह प्राणी नीचे-नीचे जाता है, आस्रव वहाँ सहायक बनता है और स्वभाव से ऊर्ध्वगमनशील आत्मा को भव रूप गड्ढे मे गिरा देता है। पुण्य-पाप-जनित सुख दु ख सदा अनुभव करता प्राणी कुम्भकार के चाक की ज्यो चौरासी लाख जीव-योनियो मे चक्कर खाता रहता है। जब सवर द्वारा आने वाले कर्मो को रोक कर, बँधे हुए कर्मों को निर्जरा से जर्जरीभूत बना कर समस्त पुण्य-पापमय कर्मो का निरन्वय नाश करता है, तब क्षण भर मे अग्निशिखा की भाति या एरण्डबीज की तरह स्वभाव से ऊर्ध्व-गमन करके, बन्धनो से मुक्त होकर तथा सब दुखों का क्षय करके मोक्ष प्राप्त करता है। मुक्तदशा मे आत्मा अजर, अमर, अक्षय, अव्याबाध आध्यात्मिक सुख को सादि अनन्त रूप से प्राप्त करता है और लोक के ऊर्ध्वभाग मे स्थित शाश्वत सिद्ध हो जाता है।

o———o

वैसा आनन्द प्राप्त नही होता। अत हे विश्वतारक ! पतित-से-पतित, अधम-से-अधम, नरक-गमन योग्य, निन्दनीय चरित वाले इस शरणागत का हाथ पकडकर उद्धार करो। देव ! मुझ जैसे का उद्धार करने से ही आपकी दीनोद्धारधुरधरता तथा परमकारुणिकता प्रकट होगी। उदारचरितो मे कही दृष्टिवैषम्य नही होता। आसार धारा से बरसता हुआ परोपकारी मेघ क्या ऊँची नीची भूमि को देखता है ? सारे ससार को आलोकित करने वाला सूर्य क्या घूरे-उबरडे को आलोकित नही करता ? हे परमेश्वर ! आपने तो मेरे जैसे अनेको पापी-शिरोमणियो को भवपारावार से पार किया है। फिर मेरा उद्धार करने मे आपको क्या कठिनाई है ? अतएव शीघ्र इसे शिष्यरूप मे स्वीकार कीजिए, झटपट इसे मुनि मण्डली मे स्थान दीजिए और इस जगत्-निन्दित को जगतवन्दित बनाइये।

भक्ति की शक्ति से पूर्ण अर्जुन की विज्ञप्ति सुनकर प्रभु ने फरमाया—' अर्जुन ! तू मेरे निकट निर्ग्रंथ दीक्षा लेना चाहता है। अभी तेरी भावना अत्यन्त भव्य है, परन्तु पहले पूर्णरूप से समझ लेना चाहिए कि साधुत्व असिधारा को चाटने के समान, गुरुतर लोहभार को अपने स्कन्धो पर उठाने के समान, पर्वत शिखर पर बरसते हुए मेघ के पानी के वेग से तटो को तोड देने वाली कल्लोलो से चचल, सैकडो आवर्तो से सकुल नदी के प्रतिस्रोत को तैरने के समान, मोम के दातो से लोहे के चने चबाने के समान, लक्षयोजन विस्तृत मेरु पर्वत को पगुली पर थामने के समान और नीरस बालुका को निगलने के समान दुर्निवह है, दु साध्य है और दुष्कर है। इसमे कमजोर व्यक्तियो का अधिकार नही है। वे साधुता के नाम से ही कतराते है, कांपते है और भाग जाते हैं। यह तो शौर्यशाली, वैराग्य के रग मे रगे हुए, भीषण परीषहो के विजेता एव वासना-विहीन जनो द्वारा ही सेव्य है, ग्राह्य है और आश्रयणीय हैं। जो बाल-क्रीडा की भाँति क्षणिक आवेग मे आकर शीघ्र सयम लेना चाहते है, वे किसी कष्ट-परम्परा की प्राप्त कर सयम मे शिथिलता लाते हुए श्रान्त, उद्विग्न, भ्रष्ट और मार्गच्युत हो जाते हैं। वेश मे विशेषता नही है, विशेषता है, वासना के विनाश में, तपस्या की तल्लीनता मे और आत्म-मन्दिर मे स्वाधीन रमण मे। इसलिए सयम लेने वाले को पहले दृढ-सकल्प होना चाहिये।

वर्धमान स्वामी की ऐसी ओजस्विनी एव वीरत्वावधक शिक्षा को माला की तरह धारण कर साहस-मूर्ति अर्जुन ने बलपूर्वक कहा— 'तीर्थेश ! आपकी सूचना अक्षरश सत्य है। सयम ग्रहण करना बच्चो का खेल नही है, यह मैं भी मानता हूँ, उस पर श्रद्धा और प्रतीति करता हूँ, किन्तु मेरा हृदय सुदृढ

सातवाँ समुच्छ्वास

सघन मेघ की घटा भी जैसे तीव्र वायु से बिखर जाती है वैसे ही पाप की श्रेणी तपस्या से छिन्न भिन्न हो जाती है।

—शान्तसुधारस

अनन्त शक्ति का स्वामी आत्मा कर्ममल से मलिन होने के कारण अपने स्वरूप को भूल कर पररूप मे परिणत होता हुआ अपने को शक्ति-शून्य मान कर संसार रूपी अटवी मे भ्रमण करता है। किन्तु सिंह की तरह जब वह अपने स्वरूप को पहचान लेता है तब इन जड कर्मों का नाश करने मे क्या विशेषता है! नेत्रो की निर्मलता आदि गुणो से सम्पन्न पुरुष स्वयं द्रष्टा है फिर भी सूर्यालोक की अपेक्षा रहती ही है कर्त्ता-हर्त्ता तो स्वयं आत्मा है फिर भी जिनकी आत्मा आलोकित हो चुकी हो ऐसे महापुरुषो की सहायता अपेक्षित है ही।

अस्तु यथार्थ विवेचन से विवर्धित उपशम रस से भरपूर अतिप्रशसनीय उच्च रहस्य से विलसित हृदय परिवर्तन करने मे सक्षम तथा निरन्तर स्वयं आचरित होने के कारण विशेष प्रभावशाली उपदेश सुनकर परम वैराग्य को प्राप्त होते हुए अर्जुन ने परम शान्ति परम आनन्द और परम ज्ञान पाया। मेघगर्जना के बाद जसे मयूर केका रव करता है वसे ही प्रभु के वचनामृत का पान कर स्तुति करता हुआ वह इस प्रकार सहृय निवेदन करने लगा—हे पारगत! आपके उपदेशामृत को आकठ पीकर मुझे चेतना प्राप्त हुई है। संसार की ज्वाला से अपनी आत्मा को निकालने के लिए मैं भागवती दीक्षा सोल्लास् अगीकार करना चाहता हूँ। मेघ की मूसलधार वर्षा से शान्त होने वाला दावानल कोटि-कोटि घडे के पानी से शान्त नही होता। मेरे जैसे आत तायी की रक्षा अणुव्रतो के ग्रहण से समर्थ नही होगी। महाव्रत ही मेरे दुष्कृत्यो को दूर कर सकेंगे इसमे सशय नही। जो करना है उसे एक साथ ही संकल्प की दृढता से करना चाहिए। धीरे-धीरे मन्दगति से करने वालो को

वैसा आनन्द प्राप्त नहीं होता। अत हे विश्वतारक ! पतित-से-पतित, अधम-से-अधम, नरक-गमन योग्य, निन्दनीय चरित वाले इस शरणागत का हाथ पकडकर उद्धार करो। देव ! मुझ जैसे का उद्धार करने से ही आपकी दीनोद्धारधुरधरता तथा परमकारुणिकता प्रकट होगी। उदारचरितो मे कहीं दृष्टिवैषम्य नही होता। आसार धारा से बरसता हुआ परोपकारी मेघ क्या ऊँची नीची भूमि को देखता है ? सारे ससार को आलोकित करने वाला सूर्य क्या घूरे-उकरडे को आलोकित नही करता ? हे परमेश्वर ! आपने तो मेरे जैसे अनेको पापी-शिरोमणियो को भवपारावार से पार किया है। फिर मेरा उद्धार करने मे आपको क्या कठिनाई है ? अतएव शीघ्र इसे शिष्यरूप मे स्वीकार कीजिए, झटपट इसे मुनि मण्डली में स्थान दीजिए और इस जगत्-निन्दित को जगतवन्दित बनाइये।

भक्ति की शक्ति से पूर्ण अर्जुन की विज्ञप्ति सुनकर प्रभु ने फरमाया—"अर्जुन! तू मेरे निकट निर्ग्रंथ दीक्षा लेना चाहता है। अभी तेरी भावना अत्यन्त भव्य है, परन्तु पहले पूर्णरूप से समझ लेना चाहिए कि साधुत्व असिधारा को चाटने के समान, गुरुतर लोहभार को अपने स्कन्धो पर उठाने के समान, पर्वत शिखर पर बरसते हुए मेघ के पानी के वेग से तटो को तोड देने वाली कल्लोलो से चचल, सैंकडो आवर्तो से सकुल नदी के प्रतिस्रोत को तैरने के समान, मोम के दातो से लोहे के चने चबाने के समान, लक्षयोजन विस्तृत मेरु पर्वत को अगुली पर थामने के समान और नीरस बालुका को निगलने के समान दुर्निवह है, दुसाध्य है और दुष्कर है। इसमें कमजोर व्यक्तियो का अधिकार नहीं है। वे साधुता के नाम से ही कतराते हैं, कांपते हैं और भाग जाते हैं। यह तो शौर्यशाली, वैराग्य के रग में रगे हुए, भीषण परीषहो के विजेता एव वासनाविहीन जनो द्वारा ही सेव्य है, ग्राह्य है और आश्रयणीय हैं। जो बाल-क्रीडा की भाँति क्षणिक आवेग मे आकर शीघ्र सयम लेना चाहते हैं, वे किसी कष्ट-परम्परा को प्राप्त कर सयम मे शिथिलता लाते हुए श्रान्त, उद्विग्न, भ्रष्ट और मार्गच्युत हो जाते हैं। वेश मे विशेषता नहीं है, विशेषता है, वासना के विनाश मे, तपस्या की तल्लीनता मे और आत्म-मन्दिर मे स्वाधीन रमण मे। इसलिए सयम लेने वाले को पहले दृढ-सकल्प होना चाहिये।

वर्धमान स्वामी की ऐसी ओजस्विनी एव वीरतावर्धक शिक्षा को माला की तरह धारण कर साहस-मूर्ति अर्जुन ने बलपूर्वक कहा—'तीर्थेश ! आपकी सूचना अक्षरश सत्य है। सयम ग्रहण करना बच्चो का खेल नहीं है, यह मैं भी मानता हूँ, उस पर श्रद्धा और प्रतीति करता हूँ, किन्तु मेरा हृदय सुदृढ

है, सुस्थिर है और सावधान है। भीरुता मेरे निकट भी नहीं फटकती। हे जग नियामक! मेरे जैसे दग्ध हृदय में दुर्बलता को कहाँ स्थान है? कमशूर प्राय जब धर्म में लग जाते हैं तो वहाँ भी व कभी शठता नहीं करते। हे नाथ! अधिक क्या कहूँ आपकी कृपा से चाहे प्राणों को त्याग दूंगा लेकिन अंगीकृत अभिग्रह से एक पैर भी इधर उधर नहीं रक्खूंगा।

इस प्रकार अर्जुन की पूर्ण दृढता जानकर जगद्गुरु महावीर ने कहा— जैसे सुख हो वैसा करो विलम्ब मत करो।

इस तरह भगवान की आज्ञा प्राप्त होने पर अत्यन्त हर्षविभोर सुदर्शन द्वारा प्रदत्त साधुजनोचित उपकरण लेकर परम शान्त रस में लीन दीक्षा भिलाषी अर्जुन हाथ जोडकर भगवान के समक्ष खडा हुआ।

वायु के साथ जैसे सुगन्ध दिग्मण्डल में फैल जाती है उसी तरह अर्जुन की दीक्षा का शुभसम्वाद नगर में फैल गया। इस आश्चर्यकारी वृतान्त को सुनकर कहीं दो-तीन कहीं पाँच-छह और कहीं सात-आठ व्यक्ति एकत्र होकर परस्पर बात करने लगे।

पहला—अरे सुना कि नहीं!

दूसरा—क्या? क्या?

पहला—आज अर्जुन मालाकार महावीर स्वामी के पास भागवती दीक्षा की याचना कर रहा है।

दूसरा—हैं! दुष्ट अर्जुन! जगत् का हत्यारा अर्जुन! झूठ है सरासर झूठ है। किसी के यहाँ असमय में घोडी ब्याई होगी (इस कारण झूठी अफवाह फैला दी है।)

पहला—हाथ कंगन को आरसी क्या? हम लोग अभी चलें और अर्जुन की दीक्षा देखें।

इस तरह विवाद करते हुए उत्कंठा से अनेक अन्य व्यक्ति तीव्र गति से रवाना हुए। तत्काल तीर्थंकर की परिषद् नागरिकों से खचाखच भर गई। उस समय अर्जुन साकार सात्विक रस जैसा या प्रत्यक्ष उपशममात्र जैसा दृष्टि गोचर हो रहा था। उसे देखकर सभी आश्चर्यचकित हो गये और मन ही मन कहने लगे—अहो! अहिंसा देवी अचिन्त्य शक्तिशालिनी है। कैसा असम्भव परिवर्तन! आततायी मनुष्य भी तायी बन गया क्रोधी भी क्षमावान् बन गया और दयाहीन भी सदय हो गया।

अब मुष्टि-लोच किए हुए अर्जुन को दीक्षा देते समय भगवान ने उसे तीन

करण, तीन योग से सर्व सावद्य योग का प्रत्याख्यान करवाया। अष्टादश पापों की निवृत्ति करवा कर पांच समिति और तीनगुप्ति मे सावधानता दिखाते हुए, सामायिक चारित्र देते हुए, दश प्रकार के यति-धर्म मे सुदृढ स्थापित किया। अनगार धर्म को ग्रहण कर शान्त, दान्त, अकिंचन, ब्रह्मचारी, कषायमुक्त और षष्ठभक्त तप (बेले-बेले) से निरन्तर आत्मा को भावित करते हुए अर्जुन मुनि ने ऐसा अभिग्रह स्वीकार किया—"जो भी कोई अनुकूल-प्रतिकूल परीषह उत्पन्न होगे उन सबको मैं आज से सम्यक्तया सहन करूंगा, खमूंगा, और ज्ञान-दर्शन-चारित्रमय मोक्षमार्ग मे रमण करता हुआ सफल समय बिताऊँगा।"

ऐसी प्रतिज्ञा कर अर्जुन मुनि विनय और श्रुत का अभ्यास करते हुए, स्वाध्याय और ध्यान में रत रहते हुए, जब-जब षष्ठभक्त की पारणा होती तब तीसरे प्रहर मे भगवान की आज्ञा लेकर भिक्षा के लिए राजगृह में जाते। उस समय उन्हें देखते ही कितने ही लोग प्रियवियोग के ताप से सन्तप्त हो जाते, उनका वैर उभर आता और वे विवेक की सीमा को लाघ कर, क्रोधारुण होकर घृणा के साथ कहने लगते—"धिक्-धिक्, देखो-देखो, यह आया, पाखण्डी अर्जुन! हाय! इसी दुष्ट ने मेरी परमानन्ददात्री माता को दीर्घनिद्रा मे सुलाया था।

दूसरा कहता—अरे! इसी नीच ने हमारे खानदान के छत्र-समान पूज्य पिताजी को मौत के घाट उतारा है।

एक दूसरा—हाँ, नही जानते? मेरे परम वत्सल भुजा-समान भाई रूपी सूर्य को इसी राहु ने ग्रसा है। ओह! जिस प्रियतमा के वियोग से मेरा घर श्मशान के समान और मन शून्य-सा प्रतीत हो रहा है, वह इसी दुष्ट की निर्दयता का परिणाम है।

कोई अन्य कहता—हाय! हाय इसी हत्यारे ने मेरे घर के दीपक इकलाते, अत्यन्त प्यारे, ललित केश-वेश वाले बालक को मारा है! उससे शून्य मेरी गोद ज्योतिरहित नयन की भाई असुन्दर लगती है। अरे नीच! पापी! ठगोरे! मेरे दूधमुंहे बच्चे ने तेरा क्या बिगाडा था? अरे, मैं क्या करूँ? कहा जाऊँ?" ऐसे अनेक प्रकार से पूर्व-विहित विरोध को याद कर-कर के दुखी होते अर्जुन ऋषि की अवहेलना करते हुये लोग कानो मे काटो जैसी कर्कश वाणी से भत्सना करते थे। कई गाली के साथ सख्त ढेलो से ताडना देते थे, कुछ लोग होठो को डँसते हुये मुष्टि आदि से सरोष पीटते थे, कुछ एक निर्दयता से, चमकते खड्ग से प्रहार करते थे। कतिपय अत्यन्त तेज चाकू के आघात से

उन्हे खून की धारा से स्नान करवाते थे और कई कदमादि से लिप्त करते हुए और थूकते हुए उनका अपमान करते थे। अधिक क्या कहा जाय अनेक मनुष्य अनेक प्रकार से वर याद करके प्रतिशोध लेते थे। कोई कहते—अरे निष्ठुर चित्त वाले! जान ली जान ली तेरी साधुता! लाखों चूहों को मार कर मानों बिलाव केसर-कंगन पहन कर तीर्थ यात्रा करने चला है! इधर उधर घूमने में अशक्त वृद्धसिंह ने मानों दूसरे जंगली प्राणियों को ठगने के लिए निरामिष भोजन का व्रत ग्रहण किया है! अरे कपटपटु! अत्यन्त मिष्ट मिसरी के पानी से सिंचा हुआ भी नीम क्या कभी आम बन सकता है? गंगा में नहलाया हुआ भी गदह क्या कभी जातिमान् अश्व बन सकता है? सिंह की चमड़ी पहन कर भी क्या सियार सिंह बन सकता है? अरे दंभी! क्यों संसार को ठग रहा है? दंभाचरण से क्यों भद्र प्राणियों को विप्रतारित कर रहा है? हो चुका तेरा वैराग्य! हो गई तेरी तपस्या! भर पाई तेरी आस्तिकता और क्या धरा है तेरे संयम में।

ऐसे अनेक प्रकार से आक्रोश करते हुए मनुष्यों की गर्हा निर्भर्त्सना ताडना छेदन भेदन प्राप्त करके भी अर्जुन ऋषि केवल भगवान् की शिक्षा को लक्षित करते हुए किंचित् भी क्रोध न करते और न खिन्न विलक्ष्य त्रस्त और उद्विग्न ही होते। प्रत्युत सहिष्णुभाव से हृदय में चिन्तन करते—अहो! मैंने इन नगर निवासियों का घोर अनिष्ट किया है निर्दयता से इनके अत्यन्त प्यारे स्वजनों का घात किया है, इन्हें महती क्षति पहुँचाई है और पूर्ण पशुबल से इन पर उपद्रव किया है। इस कारण ये यदि क्रोध करते हैं द्रोह करते हैं मुझ पर आक्रोश करते हैं मुझे ताडना देते हैं और मारते हैं तो अनुचित क्या करते हैं? बीजानुरूप ही फल लगे तो इसमें आश्चर्य ही क्या है? आत्मन्! तेरे सिर जो ऋण है उसे हँस हँसकर चाहे रो रो कर दे पर वापिस देना ही होगा। ऐसी स्थिति में उऋण होने की इच्छा वाले व्यक्ति को उसे हँस-हँसकर ही देना चाहिये न कि रो रो कर। ये तो बहुत कोमल हृदय वाले हैं जो मेरे किये हुए घोर अपराध की तुलना में बहुत थोड़ा दण्ड देते हैं। हाय! मेरे अपराध तो वालुका कणों से भी अधिक और अंजनगिरि से भी अधिक काले हैं। सागरोपम काल में भी दुर्भाग्य है हजार बार मर जाने पर भी उनका हलका होना कठिन है। जो थोड़े समय में मुझ महामलिन को छेदन भेदन ताडन मारण द्वारा निर्मल बनाना चाहते हैं और मेरे भारी पाप भार को हल्का करने की चेष्टा करते हैं ये तो मेरे परम मित्र हैं। क्यों न मैं हृदय से इनकी श्लाघा करूँ।

अथवा इसमें नवीनता क्या है? दूध को मथने से ही घृत निकलता है

शाण पर चढने के बाद ही मणि राजाओं के मस्तक की अनुकूल करती है, तीव्र ताप से तपाया हुआ सोना ही निर्मलता पाता है, जमीन का शोधन पर ही चन्द्र किरण जैसा धवल पानी प्रकट होता है। अहो! क्षमा ही मुमुक्षुओं का अलंकार है। क्षमा ही भिक्षुओं का अमोघ शस्त्र है। तप से कृशकाय तपस्वियों के लिए क्षमा ही महाबल है। 'क्षमा' नाम में ही 'मधुरता' है। क्षमा अभिधा से भूत-धात्री है, क्षमा प्रत्यक्ष रत्नगर्भा है, क्षमा अचला है, क्षमा अनंता है और सारा चराचर विश्व क्षमाश्रित ही है (पृथ्वी का नाम भी क्षमा है, अनन्त विशेषण लगाये गये हैं।) इसलिए मैं भी क्षमा का सहारा लूं, भक्ति से सेवा करूँ और आनन्द से उसकी उपासना करूँ। इसके अतिरिक्त यातना तो शरीर को है, ज्ञानमय आत्मा को नहीं। शरीर के संयोग से ही, 'मैं सुखी हूँ, मैं दुःखी हूँ,' जीव ऐसा अनुभव करता है। पिंजरे में बन्द पक्षी की भांति प्राणी शरीर-रूपी पिंजरे में अवरुद्ध, काल रूपी बिलाव से सन्त्रस्त बन रहा है। अन्यथा पांच शरीरों से मुक्त आत्मा स्वरूप से उपाधिरहित, अजर, अमर, अनंत, चिद्रूप और चिदानन्दमय है एवं सदा रहता है। इस देह-पिंजर की तुलना में मेरी क्या क्षति है? परवशता ही प्रतिक्षण भयावह है। ये महाशय मुझे शीघ्र स्वाधीनता के दर्शन करायेंगे। क्यों न इन महामान्यों का मैं सम्मान करूँ? और क्यों न इन्हें प्रेमपवित्र दृष्टि से देखूं!"

इस प्रकार नाना प्रकार की विशुद्ध विचारधारा से आत्मा को भावित करते हुए, निकृष्ट वस्तु में भी श्रेष्ठता को खोजते हुए, कटुता में भी मिष्टता पैदा करते हुए, क्रोध के स्थान पर भी शान्ति का अनुशीलन करते हुए, विषाद में प्रसाद मानते हुए अर्जुन मुनि नगर में घूमने लगे। प्रत्युत्तर देना तो दूर रहा, ललाट पट्ट पर वे भृकुटि भी नहीं तानते। केवल समता भाव की ही परिशीलना करते थे।

कुछ चिन्तनशील लोग पूर्व कृत तीव्रतम अपराध को भी भुलाकर वर्तमान मुनिधर्मावलम्बन का आदर करते हुए सानन्द प्रणाम करते और सत्कार सहित भिक्षा भी देते। वहाँ भी, अर्जुन मुनि, वन्दना करने वालों को देखकर आनन्दित नहीं होते, किन्तु रागद्वेष को छोड़कर 'सबका भला हो' ऐसा मन में विचार कर चेतन और शरीर की भिन्नता मान कर धर्म एवं शुक्ल ध्यान ध्याते हुए निर्मल संयम पालने लगे।

इस तरह घोर तपस्या करते हुए अर्जुन मुनि को कभी पानी प्राप्त होता तो भोजन नहीं, भोजन मिलता तो पानी नहीं! भयानक परीषहों को सहते हुए, उदार विचारधारा को बढ़ाते हुए, अपनी आत्मा में परमात्मभाव का

अनुभव करते हुए, ध्यान रूपी-अग्नि से भीषण पापों को जलाते हुए, क्षण-क्षण में अपनी विशुद्धता प्रगट करते हुए महामुनि अर्जुन के धीरे धीरे बाह्य और आन्तरिक सारे क्लेश निःशेष होने लगे।

छह मास तक दीक्षापर्याय पालकर भावों के उत्कर्ष से क्षपक श्रेणी पर आरूढ होकर बारहवें गुणस्थान की आदि में मोह-महामल्ल को पछाड़कर और तेरहवें गुणस्थान के आरम्भ में शेष तीन घनघाती कर्मों को नष्ट कर उन्होंने लोकालोक प्रकाशक समस्त द्रव्यपर्यायों का साक्षात्कार करने में समर्थ केवल ज्ञान प्राप्त किया। उसके बाद ही सूक्ष्मक्रिया-अप्रतिपाती नामक शुक्ल ध्यान के तीसरे भेद का अवलम्बन करके मन-वचन-काय के तीनों योगों का और श्वासोच्छ्वास का क्रमशः निरोध कर पांच ह्रस्वाक्षर उच्चारण काल की स्थिति वाले समुच्छिन्नक्रिया अनिवृत्ति नामक शुक्ल ध्यान के चौथे भेद को ध्याते हुए चौदहवें गुणस्थान में पहुँचकर शैलेशीभाव को प्राप्त किया। फिर शरीर त्रिक का परित्याग कर ऋजुगति से एक ही समय में साकार उपयोग सहित निर्वाण को प्राप्त हुए। आठ कर्मों के क्षय से प्राप्त अनन्त ज्ञान दर्शन आत्मिक सुख आदि आठ सिद्ध गुणों से शोभित अपुनरागति तुष रहित चावल के दाने के समान अपुनर्जन्मा अनन्त सिद्ध बुद्ध मुक्त हो गये।

— —

काव्यकर्त्ता की प्रशस्ति

१—दुःसाध्य मिथ्यात्व रोग को नाश करने वाले, परोपकारपरायण, अति-पटु, अलोभी, अनुभवी और यशस्वी आचार्य श्री भिक्षु एक वैद्यराज के समान हुए।

२—उनके शिष्य श्री भारीमालजी हुए, गुण के सागर श्री रायचदजी तीसरे, विज्ञश्रेष्ठ चौथे श्री जीतमलजी फिर पाँचवें मघवागणि हुए।

३—छट्ठे श्री माणिकलालजी नाम से और उनके बाद बड़े प्रतापी डालचन्द्रगणि हुए। आठवे पट्ट को शोभित करने वाले छोगाजी के पुत्र श्री कालूगणि हुए।

४—श्री कालूगणि की सेवा करने वाले अज्ञ भी प्राज्ञ, मूक भी वक्ता और निंदनीय भी वदनीय बन गये।

५—उनके शासनकाल मे शासन को जो गौरव प्राप्त हुआ वह विज्ञ मनुष्यो से छुपा नही है। उनके वरदान स्वरूप महान् गणीन्द्र तुलसी को प्राप्त कर कौन प्रसन्न नहीं होता ?

६—श्री तुलसी गणि की विशाल विद्या, विधियुक्त विधान, ओजस्विनी वाणी, सफल प्रयास और विचारसूक्ष्मता किन-किन गुणियो को विस्मित नही बनाती है ?

७—उनकी कृपा से, लघु विद्यार्थियो की बोधवृद्धि के लिये, यह छोटा-सा श्रम मैंने किया है।

८—यदि इसमे रसादि दोष हो तो कृतज्ञ विज्ञ उन्हे गुण रूप में परिणत करें। क्या कडवे फूलो मे भी मिष्ट मधु नही मिलता ?

९—वि० सवत् २००५ के जेठ महीने के कृष्ण पक्ष मे शतावधानी श्री धनमुनि तथा साध्वी श्री दीपाँजी का लघुभ्राता मुनि चन्दन इस रचना को पूर्ण करता हुआ कल्याण का भागी बना।

लेखक की महत्त्वपूर्ण रचनाएं*

— ॐ —

संस्कृत

- आर्जुनमालाकारम
- प्रभवप्रबोध *
- अभिनिष्क्रमणम *
- ज्योति स्फुलिङ्गा
- उपदेशामृतम *
- वैराग्यैकसप्तति *
- प्रबोधपञ्चपञ्चाशिका *
- अनुभवशतकम्
- संवरसुधा
- गीतिका त्रयोदशी
- प्रास्ताविक श्लोकशतकम *
- पञ्चतीर्थी
- आत्मभावद्वात्रिंशिका *
- पथिकपञ्चदशकम् *
- मात्रपोडशकम् *

प्राकृत

- रयणवालकहा *
- जयचरिम्र *
- णीई—धम्म—सुत्तीओ *

हिन्दी

- अन्तर्ध्वनि
- राजहंस के पंखों पर
- मौनवाणी
- मलयज-मुक्तावली
- मलयज की महक
- संतो के सुनहरे शब्द
- अध्यात्म-पदावली
- सोना और सुगन्ध
- व्याख्यान-बत्तीसी *
- गुर्जर गीताञ्जली (गुजराती) *
- पंजाब पच्चीसी *

---

* अप्रकाशित